जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 319 प्रभात जालोर, बुधवार 25 फरवरी, 2026 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# भाजपा का बंगाल की संस्कृति से जुड़ने का प्रयास, इस बार सफल हो सकता है

## प्र.मंत्री मोदी की, ''जय माँ काली'' का उद्घोष करके बंगाल के ''ईथॉस'' से जुड़ने की कोशिश कामयाब होती नज़र आ रही है

- अब तक कई कोशिशों के बावजूद भाजपा व मोदी, बाहर का होने की छाप को नहीं धो पाए थे, बंगाल में।
- छोटी-छोटी त्रुटियाँ, जैसे, मोदी जी द्वारा रामकृष्ण परमहंस को स्वामी रामकृष्ण परमहंस कहना, काफी खला बंगाल के निवासियों को, क्योंकि बंगाल में रामकृष्ण परमहंस को भगवान स्वरूप माना जाता है तथा अन्य स्वामी, जैसे स्वामी विवेकानंद आदि उनके शिष्य थे।
- इसी प्रकार, प्र.मंत्री मोदी द्वारा लोकसभा में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय को ''बंकिम दा'' कह कर संबोधित करने पर भी बंगाली निवासी कुछ अटपटा सा महसूस कर रहे थे। इसी तरह प्र.मंत्री मोदी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी मातंगिनी हाजरा को आसामवासी बताना भी बंगालियों की दृष्टि से महान त्रुटि थी।
- पर, अब प्र.मंत्री मोदी द्वारा, बंगाल की जनता का ''जॉय माँ काली'' कहकर, अभिवादन करने को सभी सराहनीय व सफल प्रयास बता रहे हैं और इससे प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा, बंगाल में बाहरी होने की छाप धो सकेंगे।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए भाजपा की रणनीतिक पुनर्विचार और बदली हुई कार्यशैली, जिसका प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जॉय माँ काली'' के आ ान से हुआ, महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पिछले 2021 के चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने टैगोर जैसी दाढ़ी रखी थी, लेकिन ''जय श्री राम'' नारे के नवाचार के माध्यम से राज्य की सामाजिक-सांस्कृतिक भावना से जुड़ने में वे सफल नहीं हो पाए थे। हाल के सप्ताहों में भी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं ने मोदी और भाजपा नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे बंगाल की सोच और भावनाओं से तालमेल बिठाने में असफल हैं। उदाहरण के तौर पर, टीएमसी ने रामकृष्ण परमहंस को ''स्वामी रामकृष्ण परमहंस'' कहकर संबोधित करने पर मोदी की आलोचना की। एक बंगाल पर्यवेक्षक ने कहा, ''उन्हें पता होना चाहिए था कि परमहंस को बंगाल में भगवान के रूप में पूजा जाता है, और स्वामी (जैसे स्वामी विवेकानन्द) उनके शिष्य थे।''

कुछ दिन पहले, टीएमसी सांसदों ने लोकसभा में तब काफी हंगामा किया था, जब प्रधानमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को ''बंकिम दा'' कहकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केरल अब बनेगा ''केरलम्''

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी, केरल विधानसभा ने आधिकारिक अभिलेखों में राज्य का नाम बदलने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केरल का नाम बदलकर ''केरलम'' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। राज्य विधानसभा पहले ही आधिकारिक अभिलेखों में नाम परिवर्तन के लिए प्रस्ताव पारित कर चुकी है।

- केरल विधानसभा ने राज्य का अधिकारिक रूप से नाम बदलने के लिए विधेयक पारित कर दिया है।

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद, भारत के राष्ट्रपति ''केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026'' को भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के तहत राज्य विधानमंडल के विचारार्थ केरल विधानसभा को भेजेंगे।

केरल राज्य विधानमंडल के विचार प्राप्त होने के बाद, केंद्र सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और संसद में ''केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026'' प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रपति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस की ''इकॉनमी'' क्या ''डैथ ज़ोन'' में पहुँच गई है?

## माउण्ट एवरेस्ट की चढ़ाई में 25,000 फीट के बाद एक भूखण्ड आता है जिसे ''डैथ ज़ोन'' कहा जाता है, जहाँ सर्वाधिक पर्वतारोहियों की मृत्यु होती है

- ''डैथ ज़ोन'' में मानव शरीर, जितनी ऊर्जा उपयोग में लाता है, उतना उसका रिप्लेसमैंट संभव नहीं हो पाता, अतः, पर्वतारोही अपनी अपनी जान गवां बैठता है, अगर तुरंत अपनी रिहाइश का स्थान नहीं बदलता।
- यह ही स्थिति रूस की इकॉनमी की हो रही है, जानकार विशेषज्ञों के अनुसार।
- यूक्रेन युद्ध के कारण सेना की जरूरतों को सबसे ऊपर रखा है रूस ने तथा अधिकतम औद्योगिक उत्पादन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सेना की जरूरतें पूरी करने में लगा है और साधारण रोजमर्रा की आवश्यकताएँ पीछे से पीछे खिसकती जा रही हैं।
- जितनी देर रूस की इकॉनमी, इस ''डैथ ज़ोन'' में रहेगी, उतना ही अधिक मुश्किल हो जाएगा, इस ''डैथ ज़ोन'' से बाहर निकलना।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। रूसी अर्थव्यवस्था उस स्थिति में पहुंच गई है, जिसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ाई की भाषा में ''डैथ ज़ोन'' कहा जाता है।

एवरेस्ट की चोटी पर जाते समय 25,000 फीट से ऊपर का इलाका आता है, जहां चोटी पर पहुंचने की कोशिश के दौरान सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। इस ऊंचाई पर मानव शरीर जितनी ऊर्जा खर्च करता है, उतनी उसकी भरपाई नहीं कर पाता। जब तक व्यक्ति असामान्य ऊँचाई को जल्दी से नहीं छोड़ता, मृत्यु लगभग तय हो जाती है।

लंदन से निकलने वाली एक प्रसिद्ध और सम्मानित साप्ताहिक पत्रिका, द लंदन इकॉनमिस्ट, ने एक विशेषज्ञ लेख प्रकाशित किया है। इसमें तर्क दिया गया है कि पिछले चार वर्षों से यूक्रेन के साथ युद्ध के दौरान रूसी अर्थव्यवस्था ऐसी स्थिति में पहुंच गई है, जहां वह युद्ध के लिए जरुरत से ज्यादा संसाधन खर्च कर रही है, जो उसकी असली क्षमता से भी अधिक हैं।

अर्थ व्यवस्था अपने उत्पादन क्षेत्रों को कमजोर कर रही है और वहां से संसाधन खींचकर रक्षा उद्योगों में लगा रही है, ऐसे सामान बनाने के लिए, जो तुरंत युद्ध में नष्ट हो जाते हैं। अतः यह ऐसा है, जैसे, अर्थव्यवस्था उत्पादन, आय और विकास के अच्छे चक्र में आने के बजाय, तेज़ी से खुद को ही खत्म करने की दिशा में काम कर रही है।

यह आकलन वॉशिंगटन के कार्नेगी रुस यूरेशिया सैंटर की एलेक्ज़ेंड्रा प्रोकोपेंको का है। उनका कहना है कि रूसी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या ''नकारात्मक संतुलन'' है, यानी वह खुद को किसी तरह संभाले हुए है, लेकिन साथ ही अपने भविष्य की क्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर रही है। प्रोकोपेंको के विश्लेषण के अनुसार, रूसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''जय श्री राम'' से भाजपा ''जय माँ काली'' पर शिफ्ट हुई बंगाल में

- भाजपा का ''जय श्री राम'' के मंत्र की प्रतिध्वनि उत्तर व पश्चिम भारत में तो खूब लोकप्रिय रही है, पर, बंगाल के लिए ''जय माँ काली'' के नारे की ''इमोशनल अपील'' (भावनात्मक आकर्षण) को जनप्रिय माना गया।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। भारतीय राजनीति की जटिल बुनावट में सांस्कृतिक प्रतीकों के इर्द-गिर्द बुनी गई कुछ कथाएँ सबसे जीवंत और अक्सर सबसे विवादित, धाराओं में से एक रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव अभियान में हाल ही में ''जय माँ काली'' का उद्घोष करना भाजपा के संदेश में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

यह परिवर्तन न केवल पहले के ''जय श्री राम'' नारे, जो मुख्यतः उत्तर और पश्चिमी राज्यों में अधिक प्रभावी रहा, से दूरी बनाता है, बल्कि यह उस व्यापक रणनीति को भी दर्शाता है, जिसके तहत भाजपा पश्चिम बंगाल में लंबे समय से उस पर लगे ''बाहरी'' होने के ठप्पे को हटाने का प्रयास कर रही है।

माँ काली और माँ दुर्गा का आ ान बंगाल की सामूहिक चेतना में गहराई से गूंजता रहता है।

ये देवियाँ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं, और, शक्ति और सहनशीलता का प्रतीक बनकर, विपरीत परिस्थितियों के विरुद्ध किले की तरह खड़ी रहती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बंगाल के मतदाताओं को लिखे गए पत्रों में प्रयुक्त भाषा इस बात को रेखांकित करती है कि भाजपा स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में स्वयं को स्थापित करने का गंभीर प्रयास कर रही है, ताकि उन मतदाताओं के बीच अपनापन पैदा किया जा सके, जो पहले पार्टी को अलगाव की दृष्टि से देखते रहे होंगे।

भाजपा नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोलकाता में महिला मोर्चा को संबोधित करते हुए इस सांस्कृतिक सामंजस्य पर और विस्तार से प्रकाश डाला।

महिलाओं से ''अपने भीतर की दुर्गा शक्ति को जगाने'' का आ ान करते हुए, गुप्ता ने न केवल महिला सशक्तिकरण के प्रति पार्टी के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया, बल्कि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में देवियों के गहरे निहित महत्व को भी रेखांकित किया।

# मुंबई आतंकी हमले के आरोपी की नागरिकता रद्द करेगा कैनडा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। कैनडा सरकार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के कथित मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कदम कैनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की 26 फरवरी को होने वाली भारत यात्रा से पहले उठाया गया है, क्योंकि ओटावा नई दिल्ली के साथ संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है, जो पूर्व प्रधानमंत्री जुस्टिन ट्रूडो के

- कैनडा के प्र.मंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पूर्व उठाए जा रहे इस कदम को दोनों देशों के संबंध सुधारने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'एसआईआर जल्दी कराने के लिए सिविल जजों को भी तैनात कर सकते हैं'

## सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट को यह निर्देश दिया और कहा कि सिविल जज तीन साल के अनुभवी होने चाहिए

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार में भरोसे की भारी कमी है। कोर्ट ने इससे पहले 20 फरवरी को एसआईआर के संचालन के लिए जिला जज, अतिरिक्त जिला जज व सेवानिवृत्त जजों की तैनाती का आदेश दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सिविल जजों की तैनाती का आदेश भी दिया है, ताकि एसआईआर कवायद में तेजी लाई जा सके।
- सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर उड़ीसा व झारखंड़ के सेवारत या सेवानिवृत जजों की मदद ली जा सकती है। इनकी यात्रा, रहने व खाने का खर्च चुनाव आयोग उठाएगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संशोधित मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी, उसके बाद पूरक सूचियाँ जारी की जा सकती हैं तथा पूरक सूची में शामिल मतदाताओं को 28 फरवरी को जारी की गईं संशोधित मतदाता सूची में शामिल माना जाएगा।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि कलकत्ता हाई कोर्ट पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के स्पैशल इंटैंसिव रिविज़न (एसआईआर) में तेजी लाने के लिए कम से कम तीन साल के अनुभव वाले सिविल जजों को भी तैनात कर सकता है।

अदालत ने कहा कि इलैक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया (ईसीआई) और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच भरोसे की कमी है। कोर्ट ने 20 फरवरी को एसआईआर के सुचारु संचालन के लिए जिला जज और अतिरिक्त जिला जज, यहां तक कि सेवानिवृत्त जजों की भी तैनाती का आदेश दिया था।

इसके बाद कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को एक नोट भेजकर बताया कि यह काम बहुत बड़ा है, 250 न्यायिक अधिकारियों को लगभग 50 लाख मतदाताओं के मामलों का फैसला करना है, जो ''लॉजिकल डिस्क्रिपैंसी'' और ''अनमैप्ड'' श्रेणी में आते हैं।

अनुमान लगाया गया कि यदि हर जज रोज 250 मामलों का निपटारा करे, तो भी इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में 80 दिन लगेंगे।

इसी को देखते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की पीठ ने आज सिविल जजों की तैनाती की अनुमति दे दी, ताकि काम युद्ध स्तर पर किया जा सके। पीठ ने कहा, ''इस तथ्य और समय की कमी को देखते हुए हमें लगता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने द्रमुक से 41 सीटें मांगीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। कांग्रेस के महासचिव के.सी वेणुगोपाल द्वारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से मुलाकात के एक दिन बाद, डीएमके (द्रमुक) संसदीय दल की नेता कनिमोई करुणानिधि ने सोमवार को अपने आवास पर कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडनकर के साथ सीट बंटवारे को लेकर आगे की चर्चा की।

हालांकि किसी भी नेता ने अधिकारिक रूप से बातचीत के विवरण का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने द्रमुक को राज्यसभा की एक सीट के अधूरे वादे की याद दिलाई है, और ऐसी संभावना है कि द्रमुक इस मांग को मान लेगी।

- कांग्रेस का कहना है, उसने 2016 के विधानसभा चुनाव में 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था, पर, द्रमुक उसे वही 25 सीटें देना चाहती है, जो कांग्रेस को 2021 में दी गईं थीं।

लेकिन जहां कांग्रेस 41 विधानसभा सीटों की मांग कर रही है, जिन पर वह 2016 में चुनाव लड़ी थी, वहीं द्रमुक 2021 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को दी गई 25 सीटों के प्रस्ताव पर अड़ी हुई है।

शीर्ष सूत्रों का कहना है कि द्रमुक कांग्रेस को दो या तीन अतिरिक्त सीटों से अधिक देने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। एक सूत्र ने कहा, ''अधिकतम 26 या 27, लेकिन इससे ज्यादा देना हमारे लिए संभव नहीं है।''

# रूस से 40 फाइटर जैट खरीद सकता है भारत

## इस डील के मार्फत भारत यह संकेत देना चाहता है कि उसे ट्रंप की परवाह नहीं है

- भारत सरकार पाँचवी पीढ़ी के सुखोई विमान, सू-57 खरीदने पर विचार कर रही है। आज के अत्याधुनिक दौर में ऐसे फाइटर जैट पसंद किए जा रहे हैं, जिनकी मारक क्षमता तो तेज हो ही, साथ ही वे रडार से बचने की क्षमता भी रखते हों।
- सुखोई की वेबसाइट के अनुसार, पाँचवी पीढ़ी के सू-57 विमान हवा से हवा में और हवा से ज़मीन पर सटीक प्रहार के साथ रडार से भी बच सकते हैं।
- ज्ञातव्य है कि चीन पाँचवी पीढ़ी के जे-20 फाइटर जैट विकसित कर चुका है और जल्दी ही ये विमान वह पाकिस्तान को दे देगा, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि वह भी अपनी एयर फोर्स की ताकत बढ़ाए। भारत खुद भी पाँचवी पीढ़ी के फाइटर जैट विकसित कर रहा है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 फरवरी। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष से भी कम समय बाद, रक्षा गलियारों में इस बात को लेकर अटकलें तेज हैं कि भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी के रुसी लड़ाकू विमान सुखोई एसयू-57 की खरीद पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यदि अंतिम निर्णय लिया जाता है तो भारत ऐसे 40 विमानों का ऑर्डर दे सकता है।

हवाई युद्ध अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां असली अंतर लड़ाकू क्षमता से अधिक पहचान (डिटेक्शन) की क्षमता से तय होगा। सुखोई एस यू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान उन्नत एवं गुप्त (स्टैल्थ) क्षमताओं से लैस होते हैं, जिससे दुश्मन के लिए इन्हें पहचान पाना कठिन हो जाता है।

पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में कई स्टैल्थ विशेषताएं होती हैं, जैसे रडार से बचने के लिए विशेष आकार का ढांचा। इनका ढांचा रडार-शोषक (रडार-एब्जॉर्बेंट) सामग्री से बना होता है। ये उन्नत विमान 'लो ऑब्जर्वेबिलिटी' के लिए विशेष हथियारों, उन्नत सेंसर फ्यूज़न और सुपरक्रूज़ क्षमताओं से लैस होते हैं।

सुखोई की वेबसाइट के अनुसार, एसयू-57 में कई विशिष्ट विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा, ''पांचवीं पीढ़ी का यह विमान एक मूल रूप से नए, गहराई से एकीकृत एवियोनिक्स कॉम्प्लेक्स से सुसज्जित है, जिसमें युद्ध उपयोग और चालक दल के बौद्धिक सहयोग देने की उच्चस्तरीय ऑटोमैटिक व्यवस्था है।

विमान के ऑन-बोर्ड उपकरण इसे न केवल स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देते हैं, बल्कि ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम और टास्क फोर्स के हिस्से के रूप में किसी भी समय विशेष पर डेटा का आदान-प्रदान करने में भी सक्षम बनाते हैं।''

सुखोई वेबसाइट कहती है, ''यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीनी सतह तक मार करने वाले विभिन्न प्रकार के हथियारों का उपयोग कर सकता है, जिससे यह लड़ाकू और स्ट्राइक, दोनों प्रकार के मिशन पूरा कर सकता है। रडार, इंफ्रारेड और दृश्य वेव-लैंथ में कम दृश्यता के कारण एसयू-57 गुप्त कार्रवाई करने में सक्षम है।''

सुखोई वेबसाइट के अनुसार, एसयू-57 की सहायक पावर यूनिट उच्च तैनाती स्वायत्तता प्रदान करती है, जमीनी परीक्षण के दौरान ईंधन की खपत कम करती है और मुख्य इंजनों की आयु बढ़ाती है। सुखोई ने कहा, ''ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन एक्सट्रैक्शन यूनिट का उपयोग भी विमान के संचालन की उच्च स्वायत्तता सुनिश्चित करता है।

जनरेटर-किस्म की न्यूट्रल गैस प्रणाली के रूप में बने विस्फोट-रोधी ईंधन टैंक सिस्टम का उपयोग, अन्य उपायों के साथ मिलकर, विमान की उच्च स्तर की युद्धक जीवटता सुनिश्चित करता है।''

पिछले वर्ष मई में, भारत ने अप्रैल में हुये पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था। इस अभियान के दौरान, पाकिस्तान वायुसेना के साथ हुए हवाई संघर्षों ने भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान की भविष्य की तैयारियों के संबंध में नई अन्तर्दृष्टि विकसित की। एसयू-57 पर हो रही चर्चाओं को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

पाकिस्तान का चिर सहयोगी चीन पांचवीं पीढ़ी के जे-20 स्टैल्थ लड़ाकू विमान विकसित कर चुका है और ये जल्द ही पाकिस्तान को भी मिल सकते हैं। इसलिए भारत को भी अपनी वायु शक्ति को उन्नत करना आवश्यक माना जा रहा है।

दरअसल, भारत स्वयं भी अपनी पांचवीं पीढ़ी के स्टैल्थ लड़ाकू विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) विकसित कर रहा है। इस विमान की पहली उड़ान 2028 या 2029 में किसी भी समय होने की उम्मीद है और इसके लगभग 2035 तक वायुसेना में शामिल होने की संभावना है।

# मैकडॉनल्ड्स के एमडी, अभिनेता रणवीर व कार्तिक आर्यन को नोटिस

जयपुर, 24 फरवरी। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने शहर के गौरव टावर स्थित मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट में हानिकारक तेल में खाद्य सामग्री बनाने से जुड़े मामले में मैकडॉनल्ड्स के एमडी राजीव रंजन, ब्रांड एम्बेसडर फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह व कार्तिक आर्यन सहित, प्रबंधक संभव भारद्वाज को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने इनसे 23 मार्च तक जवाब देने के लिए कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा ने यह आदेश गौरव तिवाड़ी के परिवाद पर दिए।

- जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-द्वितीय ने दूषित तेल में खाद्य सामग्री बनाने पर 23 मार्च तक जवाब मांगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

विनम्रता की परीक्षा समृद्धि में और स्वाभिमान की परीक्षा अभाव में होती है।
-आदित्य चौधरी

# बजट के आंकड़ों में राज्य की माली हालत की तस्वीर

बजट को समझने के लिए उसके दस्तावेजों में जाना पड़ता है जो वित्त मंत्री अपने भाषण के साथ सदन के पटल पर रखती है। आम तौर पर मीडिया के लोग बजट भाषण से ही अपना काम चला लेते हैं। मगर उसमें वही होता है जो सरकार दिखाना चाहती है। बजट राज्य की वित्तीय हालत का आईना होता है जिसका विश्लेषण दो वर्ष बाद सीएजी की रिपोर्ट में सामने आता है। एक समय था जब स्थानीय अर्थशास्त्री बजट प्रस्तुत होने के कुछ दिनों बाद ही उसके दस्तावेजों के आंकड़ों का विश्लेषण किया करते थे। अब वह परंपरा नहीं रही। अब इसकी किसी को परवाह भी नहीं है। आंकड़ों में छुपी सच्चाई को देखना लोकतान्त्रिक व्यवस्था में आम जन का अधिकार होता है, किन्तु आंकड़ों का विश्लेषण थोड़ा तकनीकी होता है जिसे हर एक के लिए समझना संभव नहीं होता। सरकार से अपेक्षा होती है कि वह राज्य की अर्थव्यवस्था की पूरी सही परिपेक्ष्य में बजट भाषण में प्रस्तुत करे। लेकिन बजट भाषण महज ऊपर का आवरण होता है, जबकि असली सच्चाई बजट के साथ के दस्तावेजों में होती है। मिसाल के तौर पर राइज़िंग राजस्थान की धूम के बीच राज्य के बजट से यह जानना कि मौजूदा कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की विकास दर 2023-24 में 12.85 प्रतिशत थी, वह 2024-25 में घट कर 11.77 प्रतिशत हो गई तथा 2025-26 में वित्त वर्ष समाप्त होने तक और गिर कर 10.24 प्रतिशत रह जाएगी। 2011-12 की स्थिर कीमतों पर भी सकल राज्य घरेलू उत्पाद की विकास दर में 2024-25 के मुकाबले 2025-26 में गिरावट दर्ज हुई है। थोक मूल्य सूचकांक एक बड़ा माप है जो कीमतों में उतार-चढ़ाव को ट्रैक करता है, और एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यह 2024 में 1.13 परसेंट की बढ़ोतरी दिखाता है जिसे प्रशासन मामूली मानता है। इसी प्रकार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आम घरेलू जरूरत की चीजों और सेवाओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। साल 2025 में, उसने राज्य के औद्योगिक कामगारों के लिए महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की है। इसी प्रकार इस आर्थिक समीक्षा में कृषि और उससे जुड़े सेक्टर की मौजूदा और स्थिर कीमतों (2011-12)पर ग्रॉस वैल्यू एडेड और ग्रोथ रेट में गिरावट बताई गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर यह वृद्धि दर 10.63 प्रतिशत थी जो 2024-25 में गिर कर 9.65 प्रतिशत रह गई तथा उसके 2025-26 में और तेज गिरावट के साथ 3.47 प्रतिशत रह जाने वाली है। स्थिर कीमतों पर भी 2025-26 के अनुमानों के अनुसार यह 0.22 प्रतिशत तक नीचे चली जाने वाली है। साल 2025-26 में, एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टर ने राजस्थान के ग्रॉस वैल्यूएडेड में मौजूदा कीमतों पर 25.74 परसेंट का योगदान दिया है, जो साल 2011-12 में 28.56 परसेंट था। इसका अर्थ हुआ कि कृषि क्षेत्र का राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में भूमिका कम होती जा रही है जो और कम होती जाने वाली है। लेकिन विज़न स्टेटमेंट- विकसित राजस्थान 2047 राजस्थान को 2047 तक भारत का सबसे बड़ा एग्रीकल्चरल पावरहाउस बनाने का सपना दिखा रहा है। यदि सरकार जीडीपी में कृषि का हिस्सा बढ़ाना चाहती है उसके लिए कोई तैयारी बजट के आंकड़ों में नज़र नहीं आती। सरकार के अब तक के सारे ईवेंट उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ हुए है जो ग्लेमर वाले हैं। पिछले दो सालों से औद्योगिक निवेश के तमाशों के बाद भी आर्थिक समीक्षा बताती है कि औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि दर मौजूद कीमतों पर 2023-24 में जो 13.61 प्रतिशत थी वह कम हो कर 2024-25 में 7.33 प्रतिशत रह गई और जिसके 2025-26 में गिर कर 6.99 प्रतिशत रह रही है। ग्रोथ के मामले में, खेती और उससे जुड़े सेक्टर ने साल 2025-26 में स्थिर (2011-12) कीमतों पर साल 2024-25 के मुकाबले मामूली 0.22 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जिस पर इतराया नहीं जा सकता। साल 2025-26 के अनुमान के मुताबिक, राज्य में कुल अनाज का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 8.28 प्रतिशत कम है। किन्तु वित्त मंत्री ने कृषि बजट में इसका कोई जिक्र करना जरूरी नहीं समझा। यह तो माना गया है कि राजस्थान में बागवानी के विकास की बहुत गुंजाइश है क्योंकि यह गांव के लोगों को रोज़गार के अतिरिक्त मौके तो उपलब्ध कराती ही है, साथ ही गांव की अर्थव्यवस्था को एग्रो-प्रोसेसिंग और दूसरी सहायक गतिविधियों की ओर बढ़ाती है। मगर आर्थिक समीक्षा में यह विडंबना भी नज़र आती है कि साल 2025-26 (दिसंबर तक) के लिए, राज्य योजना के तहत रखे गये 1,918.67 करोड़ रुपये के बजट में से केवल 523.13 करोड़ रुपये का ही इस्तेमाल किया गया, जो प्रावधान का आधा भी नहीं है।

**जब सकल घरेलू उत्पाद तेज़ी से बढ़े, लेकिन प्रति व्यक्ति आय उससे कम गति से बढ़े तो इसका सीधा अर्थ होता है कि राज्य की कुल अर्थव्यवस्था तो तेज़ी से बढ़ रही है, लेकिन उस वृद्धि का लाभ हर व्यक्ति तक समान रूप से नहीं पहुंच रहा है। अर्थात आय का असमान वितरण हो रहा है। अगर आर्थिक वृद्धि का बड़ा हिस्सा उद्योगपतियों, बड़े कारोबारी समूहों तथा प्रशासनिक अमले तक सीमित रह जाए, तो आम लोगों की आय उतनी नहीं बढ़ती। यानी जीडीपी तो बढ़ता है, लेकिन आम आदमी की जेब नहीं भरती। इसे अर्थशास्त्री रोजगारविहीन विकास मानते हैं।**

सरकार का ऋण लेकर राजस्व घाटा पूरा करना जारी है। मगर वित्त मंत्री ने अपने तीन घंटे लंबे भाषण में यह बात साफ-साफ नहीं कही। उनके पहले के वित्त मंत्री भी ऐसा ही करते रहे हैं। राजस्व घाटे का मतलब है कि सरकार के खर्चे, जैसे वेतन, सब्सिडी आदि उसकी कमाई से अधिक है। इस कारण राज्य का कुल राजकोषीय घाटा उसकी जीएसडीपी के लगभग 3.69 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है, जो इसकी विधिक सीमा को छूने के करीब है। सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए बाजार से भी उधार लिया गया है। यह राजकोषीय घाटे और बॉरोविंग के आंकड़ों से स्पष्ट है। राजस्व घाटे को उधार लेकर संतुलित किया जाना राज्य की वित्तीय संरचना के कुछ गहरे कारणों और संभावित प्रभावों की ओर संकेत करता है। संतुलित अर्थव्यवस्था के लिए इसका नियंत्रण आवश्यक माना जाता है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सब्सिडी आदि के अलावा पुराने कर्जों के ब्याज भुगतान का बढ़ता बोझ भी बजट घाटे का एक कारण है। यह कर्ज के चक्र में फंसने का संकेत है। आर्थिक गतिविधियों की मंद गति और लोकलुभावन योजनाएं भी घाटे को बढ़ाती हैं। लगातार राजस्व घाटा यह संकेत देता है कि राज्य अपनी दैनिक आय से अपने दैनिक खर्च पूरे नहीं कर पा रहा है। यह दीर्घकाल में वित्तीय स्थिरता के लिए चिंता का विषय हो सकता है। मगर यह पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं होता है। यदि उधार का उपयोग उत्पादक निवेश में हो जिनसे आर्थिक गतिविधियां तेज़ हों तथा कर आधार बढ़े तो भविष्य में राजस्व बढ़ सकता है और घाटा नियंत्रित हो सकता है। लेकिन यदि ऋण मुख्यत: वेतन-सब्सिडी जैसे कामों में खर्च हो तो वह दीर्घकाल में जोखिमपूर्ण हो सकता है। वर्ष 2026-27 के बजट में राजस्व घाटा ऋण से संतुलित करना तत्कालीन वित्तीय आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह दीर्घकालीन समाधान नहीं है। इसके अलावा जीएसटी के बाद जब से सदन में कराधान सीमित हुआ है, तब वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन का महत्व और बढ़ गया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्य के लिए यह चुनौती बनी रहती है कि विकास, सामाजिक न्याय और वित्तीय स्थिरता- तीनों के बीच कैसे संतुलन बनाए रखा जाए। यहां सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय का रिश्ता समझने की जरूरत है। जब सकल घरेलू उत्पाद तेज़ी से बढ़े, लेकिन प्रति व्यक्ति आय उससे कम गति से बढ़े तो इसका सीधा अर्थ होता है कि राज्य की कुल अर्थव्यवस्था तो तेज़ी से बढ़ रही है, लेकिन उस वृद्धि का लाभ हर व्यक्ति तक समान रूप से नहीं पहुंच रहा है। अर्थात आय का असमान वितरण हो रहा है। अगर आर्थिक वृद्धि का बड़ा हिस्सा उद्योगपतियों, बड़े कारोबारी समूहों तथा प्रशासनिक अमले तक सीमित रह जाए, तो आम लोगों की आय उतनी नहीं बढ़ती। यानी जीडीपी तो बढ़ता है, लेकिन आम आदमी की जेब नहीं भरती। इसे अर्थशास्त्री रोजगारविहीन विकास मानते हैं। बजट के आंकड़े बताते हैं कि राज्य की अर्थव्यवस्था की बृद्धि पूंजी-प्रधान उद्योगों, या ऑटोमेशन से नहीं बल्कि रियल एस्टेट या वित्तीय सेक्टर से हो रही है, जहां रोजगार कम पैदा होता है, और आम लोगों की आय धीमी रहती है।ऐसा विकास समावेशी नहीं होता है तथा गरीबी और असमानता घटने की गति धीमी होती है।

राज्य विधान सभा में राज्यपाल का अभिभाषण और वित्तमंत्री का बजट भाषण दो ऐसे मौके होते हैं जब सरकार प्रदेश के विकास की अपनी दृष्टि सबे सामने रखती है। राज्यपाल का अभिभाषण जहां एक विहंगम दृष्टि देने का समय होता है वहीं बजट भाषण तथा अनुदान मांगें विभागीय स्तर पर सरकार के कामकाज की समीक्षा का मौका देती हैं। वित्त मंत्री के बजट भाषण के साथ ही विभिन्न विभागों के मंत्रियों द्वारा अनुदान मांगों पर बहस का के जवाब भी कम महत्वपूर्ण नहीं होते। इससे सरकार के सामूहिक दायित्व का भी प्रदर्शन होता है। मगर अब नई परंपराएं बनने लगी हैं। जो बातें संबंधित विभागों के मंत्रियों को कहनी चाहिए वह सभी बातें वित्त मंत्री खुद के लंबे भाषण में शामिल कर दी जाती है। अनुदान मांगों पर बहस के जवाब में संबंधित मंत्रियों द्वारा घोषणाएं करने का काम वित्त मंत्री ने खुद ही कर दिया। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में देश के प्रथम राष्ट्रपति को उद्धृत किया कि, लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा इस बात में है कि उसकी संस्थायें जनता की कितनी प्रभावी रूप से सेवा कर पाती हैं। मगर उनके बजट में पैसा खर्च करने की तो बातें थीं मगर उससे सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारने का कोई रोडमैप नहीं था। और न ही मितव्ययता बरतने का सरकार का कोई इरादा दिखाया गया।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# विरासत का वैभव और विकास का विजन : बजट 2026-27


लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

राजस्थान की पावन धरा ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध किलों और वैभवशाली महलों के साथ ही अदम्य साहस, अनुपम शौर्य और अक्षुण्ण सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। सदियों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने वाला यह प्रदेश अब विकास की एक नई इबारत लिख रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का 6,10,956 करोड़ का बजट विकसित राजस्थान @ 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दूरदर्शी रूपरेखा है। इस बजट की आत्मा में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का कल्याण, पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन, लुप्त होती लोककलाओं का संरक्षण और नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में परिलक्षित होती है। राजस्थान में पर्यटन आज अर्थव्यवस्था का सशक्त इंजन बन चुका है। वर्ष 2025 में प्रदेश ने 25.44 करोड़ घरेलू और विदेशी पर्यटकों का स्वागत कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

'झीलों की नगरी' उदयपुर ने बीते आठ वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ते हुए 21.6 लाख पर्यटकों की मेजबानी की। इनमें 1.6 लाख से अधिक विदेशी सैलानी शामिल रहे। यह तथ्य प्रमाणित करता है कि मेवाड़ की सांस्कृतिक आभा और प्राकृतिक सौंदर्य का आकर्षण अब वैश्विक स्तर पर अपने चरम पर है।

इस बढ़ते पर्यटन प्रवाह को विश्वस्तरीय अनुभव में रूपांतरित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 5,000 करोड़ के राजस्थान टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड की स्थापना एक ऐतिहासिक पहल है। यह निवेश न केवल पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, सुरक्षा और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं विकसित कर प्रदेश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी बढ़ाएगा। विकास की इस यात्रा में पर्यावरणीय संतुलन को समान महत्व देते हुए बजट में 'PRITHWI' (Project for Resilient and Integrated Terrestrial Habitats and Wildlife Valorization Initiative) के लिए 1,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस पहल से स्पष्ट है कि सरकार विकास और प्रकृति के मध्य संतुलन को लेकर संवेदनशील है। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी कर वन्यजीव उपचार केंद्रों की स्थापना वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करेगी।

विशेष रूप से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और सांभर झील में 'एवियन डिजीज ट्रीटमेंट सेंटर' की स्थापना से प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और विदेशी पर्यटकों के बीच राजस्थान की विश्वसनीयता और साख में वृद्धि होगी। यह कदम पर्यावरण संरक्षण को पर्यटन से जोड़ते हुए 'ईको-टूरिज्म' की अवधारणा को नई दिशा देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बजट में वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साकार करते हुए पारंपरिक शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का संकल्प भी दिखाई देता है। माटी कला के लिए 15 करोड़ का प्रावधान और 5 हजार इलेक्ट्रिक चाकों का वितरण केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जड़ों के पुनर्जीवन का सशक्त प्रयास है।

इसी क्रम में 200 करोड़ के विशेष कोष से 660 प्राचीन हवेलियों का जीर्णोद्धार हमारी वास्तु विरासत को संरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल है। यह पर्यटन और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

थार की स्वर्णिम रेत में बसे जैसलमेर के खुड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित अल्ट्रा-लक्जरी स्पेशल टूरिज्म ज़ोन राजस्थान को वैश्विक लक्जरी पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में साहसिक कदम है। यह परियोजना उच्चस्तरीय आतिथ्य सेवाओं, विशिष्ट अनुभवों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के समन्वय से राज्य को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनाएगी।

पर्यटन की सफलता का आधार केवल आकर्षण नहीं, बल्कि सुगम पहुंच भी है। 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' को सुदृढ़ करते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों तक सहज परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही, प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से DORA (Domestic and Overseas Rajasthani Affairs) विभाग का विस्तार एक सशक्त 'सॉफ्ट पावर' रणनीति है। यह सांस्कृतिक संवाद और निवेश की संभावनाओं को विस्तृत करेगा।

यह बजट विकास और विरासत के अद्वितीय समन्वय का दस्तावेज है। एक लाख नई सरकारी भर्तियों के लिए कैलेंडर जारी करना और निजी व पर्यटन क्षेत्र में सृजित होने वाले लाखों अप्रत्यक्ष रोजगारों के माध्यम से होने वाला आर्थिक सशक्तिकरण समग्र विकास की दिशा में ठोस कदम सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी कार्यशैली में विकास का रथ सचमुच विरासत के पहियों पर सवार होकर आगे बढ़ रहा है। यह बजट राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को आर्थिक शक्ति में रूपांतरित करने की ऐतिहासिक पहल है, जिसे आने वाली पीढ़ियां एक स्वर्णिम युग के सूत्रपात के रूप में स्मरण करेंगी।

**-लक्ष्यराज सिंह मेवाड़**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) और भारत में रोजगार का भविष्य


राम शर्मा

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) आज दुनिया के सबसे तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी क्षेत्रों में से एक है। यह तकनीक न केवल वैज्ञानिक शोध और तकनीकी उद्योगों को प्रभावित कर रही है, बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और शासन जैसे बुनियादी सामाजिक स्तंभों को भी गहराई से बदल रही है। इसी संदर्भ में इंडि 2026, जो नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16-21 फरवरी 2026 तक आयोजित हई, एक ऐतिहासिक वैश्विक मंच साबित हुआ है।

यह समिट पहली बार एक उर्दंत एदलूप देश-भारत द्वारा आयोजित वैश्विक एआइ सम्मेलन था, जिसमें लगभग 100 से अधिक देशों, शीर्ष तकनीकी कंपनियों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया। इसे एआइ और मानव-केंद्रित भविष्य की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में देखा गया।

एआइ की प्रगति ने पारंपरिक तौर पर कार्य करने वाले ढांचों को चुनौती दी है। मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स और स्वचालित प्रणालियों के उदय ने कुछ क्षेत्रों में मानव श्रम की आवश्यकता को कम किया है, जबकि कुछ क्षेत्रों में नई भूमिकाओं का सृजन भी किया है। उदाहरण के लिए, डेटा वैज्ञानिक, एआइ इंजीनियर, एआइ नैतिकता विशेषज्ञ, और मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स (MLOps) इंजीनियर जैसे नए पेशे उभर कर सामने आए हैं।

एआइ का प्रभाव सिर्फ तकनीकी कर्मियों तक सीमित नहीं रहता; यह स्वास्थ्य सेवा में रोग निदान और उपचार सुझावों, कृषि में बेहतर पैदावार प्रबंधन, शिक्षा में व्यक्तिगत सीखने के तरीकों, और सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है। भारत जैसे देश में जहां युवा आबादी की संख्या अधिक है, एआइ के रोजगार प्रभाव पर संतुलन बनाना आगे की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नीति निर्माताओं का मानना है कि एआइ की क्षमता का विस्तार तभी सफल होगा जब कौशल विकास और रोजगार सुरक्षा को एक साथ जोड़कर काम किया जाए।

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 का आयोजन इंडिया एआई मिशना के अंतर्गत किया गया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इस समिट का विषय सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय - सबके हित और सुख के लिए एआइ रखा गया था। यह यह संकेत देता है कि एआइ सिर्फ तकनीकी अचीवमेंट नहीं बल्कि सामाजिक समावेशन और मानव-केंद्रित प्रगति का हिस्सा भी है। एआइ समिट में 300 से अधिक प्रदर्शकों के साथ विभिन्न -आधारित उत्पादों, समाधान और मॉडल को प्रदर्शित किया गया। इनमें भारतीय स्टार्टअप और शोधशालाओं द्वारा विकसित मॉडल जैसे मल्टी-भाषी, स्मार्ट ग्लासेस और भाषण पहचान प्रणालियां शामिल थीं, जिनका लक्ष्य भारत के बहुभाषी एवं विविध समाज की जरूरतों को पूरा करना था।

**नई दिल्ली घोषणा और वैश्विक सहयोग:** सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली डिक्लेरेशन ऑन एआई इम्पैक्ट पर 80 से अधिक देशों ने हस्ताक्षर किए यह घोषणा वैश्विक स्तर पर एआई के विकास को नैतिक, पारदर्शी और समावेशी बनाने पर जोर देती है. इसमें यह स्पष्ट किया गया कि एआई को समाज के व्यापक हित में उपयोग किया जाए, जिससे आर्थिक असमानताएं कम हों और तकनीक के लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे। यह पहल वैश्विक समुदाय को यह संदेश देती है कि एआई सिर्फ तकनीकी श्रेष्ठता का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साझा वैश्विक जिम्मेदारी भी है।

**रोजगार के अवसर बनाम जोखिम:** एआई के रोजगार पर प्रभाव को लेकर दो मुख्य दृष्टिकोण सामने आते हैं, पहला: उच्च-स्तरीय कुशल कार्यों की मांग: एआई और डेटा-आधारित भूमिकाएं नए कौशल वाले पेशेवरों की मांग बढ़ा रही हैं। यह भारत जैसे युवा-जनसंख्या वाले देश के लिए अवसर की बात है, जहां तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर फोकस किया जा सकता है।

सामान्य और पारंपरिक नौकरियों का जोखिम: पहले से स्थापित रूटीन और दोहराए जाने वाले कार्य जैसे डेटा एंट्री, प्राथमिक ठाहक सेवा आदि पर एआई आधारित ऑटोमेशन का असर देखा जा रहा है। इससे कुछ पारंपरिक नौकरियां कम हो सकती हैं, जिससे कौशल रिस्किलिंग की आवश्यकता और बढ़ जाएगी। समिट ने इन दोनों पहलुओं पर गंभीर बहस की और यह निष्कर्ष निकाला कि भारत को एआई रेडी वर्कफोर्स तैयार करनी होगी, जिसमें अकादमिक संस्थान, उद्योग और सरकार मिलकर काम करें। शिक्षा पाठ्यक्रम में एआई और डेटा-साइंस जैसे विषयों को शामिल करना, और व्यापक स्तर पर तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना आवश्यक बताया गया। भारत की युवा आबादी एआई-आधारित रोजगार और स्टार्टअप संभावनाओं के लिए एक बड़ा स्त्रोत है। समिट के दौरान निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में आधारित नवाचारों और स्टार्टअपों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। देश के डिजिटल ढांचे, मजबूत आइटी पारिस्थितिकी तंत्र, और बुनियादी एआइ कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर योजना (मिलियन-प्लस GPU साझा संसाधन) ने निवेश के दृष्टिकोण को और आकर्षक बनाया है। एआई तकनीक जैसे भाषा-आधारित मॉडल, बोली-पहचान प्रणालियां, स्वास्थ्य और कृषि-समाधान ने यह दिखाया है कि एआई का उपयोग सिर्फ तकनीकी डोमेन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के रोज़मर्रा जीवन में भी सकारात्मक बदलाव ला सकता है। एआइ का भविष्य अत्यंत विशाल है और रोजगार के परिदृश्य में यह एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

समिट ने स्पष्ट किया कि एआइ सिर्फ रोजगार को खत्म नहीं कर रहा, बल्कि रोजगार की प्रकृति को बदल रहा है। यह तकनीक उन नौकरियों की मांग बढ़ा रही है जहां तकनीकी दक्षता, विश्लेषणात्मक सोच और नवाचार कौशल की आवश्यकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए ये चुनौतियां और अवसर दोनों हैं। सरकारी नीतियां जिस तरह AI-ready शिक्षण, कौशल विकास, और रोजगार-अनुकूल वातावरण बना रही हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि भारत एआइ युग में सिर्फ उपभोक्ता नहीं बल्कि वैश्विक नेता और नवप्रवर्तन केंद्र बन सकता है। एआइ और रोजगार का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम कैसे अपनी युवा शक्ति को एआइ-समर्थ कौशल से लैस करते हैं, और कैसे एआइ के विकास को नैतिकता, समावेशन और सामाजिक लाभ के लक्ष्यों के साथ जोड़ते हैं।

**- राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में हाई इंटेंसिटी सैन्य अभ्यास "खड़ग शक्ति-2026" संपन्न

## युद्धाभ्यास में ड्रोन स्वार्म, हैवी आर्टिलरी और अपाचे रुद्र ने सटीक प्रहार कर स्ट्राइक क्षमता दिखाई

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में पश्चिमी कमान का हाई इंटेंसिटी सैन्य अभ्यास "खड़ग शक्ति-2026" दमदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हो गया। पहली बार "चक्रव्यूह" रणनीति रचकर दुश्मन के ठिकानों पर समन्वित प्रहार का लाइव सिमुलेशन किया गया। टैंक, मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर और लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की गूंज से थार का रेगिस्तान थर्रा उठा।


ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसे पश्चिमी कमान का अब तक का सबसे बड़ा और तकनीक आधारित कॉम्बैट ड्रिल माना जा रहा है। अभ्यास में नेटवर्क केंद्रित युद्ध, ड्रोन ऑपरेशन्स, एयरबोर्न क्षमता और इंटीग्रेटेड फायर पावर का व्यापक प्रदर्शन हुआ। अभ्यास के समापन चरण में पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर मनोज कुमार कटियार और कोर कमांडर राजेश पुष्कर मौजूद रहे। उनके समक्ष आर्टिलरी फायर, एयरबोर्न ऑपरेशन्स और संयुक्त युद्धाभ्यास के जरिए वास्तविक युद्धक्षेत्र का सजीव सिमुलेशन किया गया। 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई से सैनिकों को कॉम्बैट लोड के साथ पैराड्रॉप कर त्वरित तैनाती और तत्काल प्रतिक्रिया क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास में अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों ने सटीक प्रहार कर अपनी स्ट्राइक क्षमता दिखाई। स्वदेशी रुद्र (एएलएच-डब्लूयूएसआई) हेलीकॉप्टर ने एयर ग्राउंड कोऑर्डिनेशन का प्रभावी प्रदर्शन किया।

**■ "खड्गा" और "ऐरावत"' जैसे स्वदेशी ड्रोन तथा टेथर्ड ड्रोन के जरिए लक्ष्य पहचान, निगरानी और समन्वित हमले की रणनीति प्रदर्शित की गई**

"खड़ग शक्ति-2026" में ड्रोन को केंद्रीय भूमिका दी गई। "खड्गा" और "ऐरावत"' जैसे स्वदेशी ड्रोन तथा टेथर्ड ड्रोन के जरिए लक्ष्य पहचान, निगरानी और समन्वित हमले की रणनीति प्रदर्शित की गई। ड्रोन स्वार्म ने आधुनिक युद्ध में निर्णायक भूमिका का प्रदर्शन किया। लॉजिस्टिक ड्रोन ने करीब 200 किलोग्राम भार उठाकर भविष्य के युद्धक्षेत्र में आपूर्ति प्रणाली की नई संभावनाएं दर्शाईं। सैनिकों को काउंटर यूएवी रणनीति, मल्टी लेयर एयर डिफेंस और ड्रोन हमलों से बचाव का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। रात्रिकालीन चरण में नाइट आर्टिलरी फायरिंग, रॉकेट लॉन्चर ऑपरेशन्स और उन्नत हथियार प्रणालियों के साथ युद्ध तैयारी का मूल्यांकन किया गया।

अभ्यास में बख्तरबंद और यंत्रीकृत इकाइयों के साथ पैदल सेना ने दुश्मन के मोर्चों पर समन्वित तरीके से हमला करने की रणनीति दिखाई। सैनिकों को नजदीकी मुकाबले, शहरी युद्ध और ड्रोन सहायता प्राप्त ऑपरेशन्स के लिए प्रशिक्षित किया गया। अभ्यास के दौरान थल, वायु, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं को एकीकृत करते हुए मल्टी डोमेन ऑपरेशन्स की व्यापक परीक्षा की गई। इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस, इंटेलिजेंस और सर्विलांस सिस्टम के जरिए पूरे युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय और नियंत्रण क्षमता का प्रदर्शन किया गया। "खड़ग शक्ति-2026" भारतीय थलसेना की आधुनिक, तकनीक आधारित और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध तैयारी का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। महाजन रेंज में हुआ यह अभ्यास भविष्य के युद्ध परिदृश्य के लिए सेना की तत्परता और सामरिक क्षमता का मजबूत संदेश देता है।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 25 फरवरी, 2026**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, रोहिणी नक्षत्र दिन 1:39 तक, विष्कुम्भ योग रात्रि 1:29 तक, बालव करण दिन 3:46 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:55 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। ज्वालामुखी योग दिन 1:39 तक है। रवियोग दिन 1:39 से आरम्भ होगा। आज आनन्दा नवमी, श्री हरि जयन्ती है। आज से ब्रज में होली आरम्भ है। बरसाना में होली और रोहिणी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:50 तक, शुभ 11:15 से 12:40 तक, चर 3:31 से 4:56 तक, लाभ 4:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:59, सूर्यास्त 6:21

### मेष

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### वृष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि होने का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### कर्क


आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### तुला

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


### वृश्चिक

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


### धनु

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

## सार-समाचार

### सेन मंदिर-छात्रावास में बैठक हुई

**धोरीमाना**, (निसं)। धोरीमन्ना के सेन मंदिर व सेन समाज छात्रावास के प्रांगण में मंगलवार को मालाणी पटी के समाज के सभी गांवो के सेन बन्धु सेन मंदिर एकत्रित हुए। बीकानेर जिले के रणजीतपुरा गाव के सेन समाज की नाबालिग बेटी के आठवी बोर्ड परीक्षा देने जाते समय रास्ते में दरिंदों के द्वारा बलात्कार करके हत्या करने की घटना के बारे में श्रद्धांजलि सभा एवं मौन व्रत रखा। इस घटना के प्रति गहरा दुख प्रकट किया गया। सेन समाज अध्यक्ष ताराचंद दूदू ने बताया कि इस घटना के सभी मुल्जिमो को गिरफ्तार करके फांसी की सजा मिले। नाई समाज के अध्यक्ष हनुमाना राम कबुली ने बताया कि सभी आरोपियों पकडा जाये तथा स्कूली शिक्षा पढने वाली बालिकाओं के सुरक्षा के लिए फोर्स का गठन किया जाये। चेतनराम गोलियां ने बताया कि महिलाएं एवं बेटी सुरक्षा नहीं होगी, तो समाज का पतन निश्चित है। प्रकाश उपसरपंच ओगाला ने इस घटना का घोर विरोध किया। सेडवा नाई महासभा के अध्यक्ष जगदीश बोली ने बताया कि छात्रा वसुंधरा के हत्यारे को फांसी की सजा हो। समाजसेवी खेताराम ने बताया कि इससे पहले की सरकारों में ऐसी घटनाएं नहीं होती थी, लेकिन वर्तमान में कानूनी व्यवस्था असफल साबित हो रही है। नैनाराम ने कहा कि महिला एवं बेटियां सुरक्षित नहीं है। युवा उधमी मोहनलाल ने बताया कि फांसी की सजा से कम सेन समाज स्वीकार नहीं करता है। इस दौरान शंकर, प्रकाश, केकड, ओमप्रकाश खारी, नेनाराम रोहिल्ला, ओमप्रकाश डबोई, पाबूराम, खेताराम, लाधूराम गोडा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### बीमा कंपनी क्लेम राशि-मुआवजा देगी

**जालोर**,(का.सं.)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बीमा कंपनी को किसान को बीमा राशि व मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने आदेश दिया कि बीमा कम्पनी फसल बीमा के 62640 रूपये अदा करने सहित बारह हजार रूपये का जुर्माना लगाया। मामले के अनुसार कोटडा निवासी हिंगलाजदान चारण ने उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद पेश कर बताया कि उसने दी जालोर सैंट्रल का आपरेटिव बैक के माध्यम से फ्युचर जनरल इंश्योरेंस कम्पनी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी खरीफ फसल का बीमा कराया था। वर्ष 2019 में फसल खराब होने के बाद भी किसान बीमा क्लेम राशि नहीं मिली। किसान ने आरोप लगाया कि रिकॉर्ड में गांव के नाम की त्रुटि के कारण उसका क्लेम रोक दिया गया। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि किसान ने निर्धारित प्रीमियम जमा कराया था और फसल नुकसान भी प्रमाणित था, फिर भी बीमा कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जो सेवा में कमी है। आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरजंन शर्मा ने आदेश दिया कि बीमा कंपनी 45 दिनों के भीतर किसान को 62,640 रुपये की बीमा राशि अदा करे।साथ ही मानसिक , आर्थिक क्षति परिवाद व्यय के रूप में बारह हजार रूपये अदा करने का आदेश दिया। आयोग ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने पर सभी विपक्षी संयुक्त रूप से ब्याज सहित राशि देने के लिए उत्तरदायी होंगे। यह फैसला किसानों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है और फसल बीमा दावों में लापरवाही बरतने वाली कंपनियों के लिए सख्त संदेश है।

### ऋचा शरद का एकल रचना पाठ हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। कहानीकार और कवयित्री ऋचा शरद अठावाल ने साहित्य और सांस्कृतिक संस्था लेखनी द्वारा नेहरू पार्क स्थित मदन-सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित धारा कार्यक्रम के अन्तर्गत एकल रचनाकार के रूप में अपनी चुनिन्दा रचनाओं और कहानियों का पाठ किया। लेखनी के अध्यक्ष, कवि और रंगकर्मी प्रमोद वैष्णव ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र में विस्तृत लेखन करने वाले छुपे हुए रचनाकारों को धारा कार्यक्रम के माध्यम से मंच प्रदान कर एकल रचनापाठ के रूप में साहित्य प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुति की पहल की गई है। इसी कड़ी के तीसरे कार्यक्रम की मेहमान कवयित्री ऋचा शरद अठावाल ने 'होली के रंगों से सजी, धरती के दामन में, सरसों के फूल खिले पीले-पीले..., बसंत ही बसंत है खिला आज चहुंओर.., घर के किसी कोने में खुलकर हंसने की जगह रखना..,'' सहित मित्रता, प्रकृति, भाव, राजनीति, बाल विवाह आधारित कविताओं का पाठ किया साथ ही लघु कथा के अन्तर्गत बुज़ुर्गों को बोझ समझने वाले परिवार का चित्रण करती कहानी में छोटी बच्ची के मुख से उभरता संवाद 'दादी तुम ऊपर कब जाओगी..' तथा माँ का सन्दूक़ सुनाकर भाव विभोर किया। प्रारम्भ में कहानीकार हरिप्रकाश राठी ने आमन्त्रित रचनाकार के व्यक्तित्व और लेखन का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शाइर हबीब कैफ़ी, डॉ. पद्मजा शर्मा, डॉ. नीना छिब्बर, चांदकौर जोशी, डॉ. मनीषा डागा, सत्येन्द्र छिब्बर, डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, बसन्ती पंवार, अशफ़ाक़ फौजदार, अद्वैत बोहरा सहित साहित्य से जुड़े बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मज़ाहिर सुलतान ज़ई ने किया। प्रमोद वैष्णव ने आभार व्यक्त किया।

### भा.वि.प. पावटा शाखा के चुनाव संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। भारत विकास परिषद पावटा शाखा के 2026 -27 के वार्षिक चुनाव पावटा बी रोड स्थित कृस्ट इंजीनियरिंग संस्थान के कार्यालय में संपन्न हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा पूर्व अध्यक्ष पंकज आर मेहता एवं प्रांतीय उप संमनवक भंवरलाल दहिया द्वारा किया गया। अध्यक्ष संपत सिंह टॉक ने स्वागत भाषण एवं अरविंद मालपानी ने वर्ष 2025 -26 का विस्तृत प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोलंकी ने 25-26 के आय -व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में सत्र 2026-27 के वार्षिक चुनाव डॉ प्रभात माथुर की अध्यक्षता में संपन्न हुए जिसमें संपत सिंह टाक अध्यक्ष, अरविंद मालपानी सचिव, राजेंद्र प्रसाद सोलंकी कोषाध्यक्ष चुने गए।नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह माह अप्रैल में आयोजित किया जाएगा।

### होलिका दहन में गौ काष्ठ का आग्रह

**जालोर**, (का.सं.)। पशुपालन विभाग द्वारा होलिका दहन में जिले की गौशालाओं में संधारित गौवंश के गोबर से बने 'गौ काष्ठ' का अधिकाधिक प्रयोग करने का अनुरोध किया गया है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा ने बताया कि जिले की गौशालाओं में संधारित गौवंश के गोबर से बने 'गौ काष्ठ' (गाय के गोबर से बनी लकडियाँ) का होलिका दहन में अधिकाधिक प्रयोग करने से गौशालाओं में आवासित गौवंश से प्राप्त गौ उत्पाद पर्यावरण संरक्षण, वातावरण शुद्धि, प्रकृति की सुरक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने गौ उत्पादा के प्रयोग से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कड़ी में स्वयं सहायता समूहों व आमजन से अनुरोध किया हैं कि आगामी 2 मार्च, 2026 को होलिका दहन में यथासंभव गौ काष्ठ (गाय के गोबर से बनी लकडियाँ) का अधिकाधिक प्रयोग करने के साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित कर गौसेवा में परोक्ष/प्रत्यक्ष भागीदारी निभाएं।

### बाल विवाह मुक्ति अभियान रथ रवाना

**जालोर**, (का.सं.)। जिला प्रशासन एवं सारद संस्थान-जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बाल विवाह मुक्ति अभियान रथ को सांसद लुम्बाराम चौधरी व भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनियां ने सोमवार को उपखंड कार्यालय परिसर भीनमाल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि बाल विवाह करना एक बड़ा अपराध है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने की बात कही। अभियान रथ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम, शपथ ग्रहण और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के दौरान सांवलाराम देवासी, भरत सिंह भोजानी, किशोर सांखला, विकास सोलंकी, महेंद्र सोलंकी, भरत रोहिण, गोविंद सिंह राऊता, तहसीलदार भीखदान चारण, विकास अधिकारी राजकुमार जीनगर आदि उपस्थित रहे।

### अवैध जल कनेक्शन पर केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। प्रतापनगर की संजय सी कॉलोनी में पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर अवैध जल कनेक्शन किया गया। सहायक अभियंता की तरफ से नामजद व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। प्रतापनग सदर पुलिस ने बताया कि पीएचईडी के सहायक अभियंता सोहनलाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि संजय सी कॉलोनी की आकस्मिक चैकिंग में अवैध जल कनेक्शन मिला। चार इंच की लाइन से अवैध कनेक्शन कर लिया गया। इस पर उन्होंने मो. इकबाल के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस की तरफ से अग्रिम जांच जारी है।

# जे.डी.ए. के 150 भूखण्डों की नीलामी प्रक्रिया आज से

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशन में प्राधिकरण के माह फरवरी-मई 2026 ई-नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 फरवरी से आवासीय, व्यावसायिक एवं फार्म हाउस भूखण्डों सहित कुल 150 भूखण्ड़ों की नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया कि आवेदकों द्वारा ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी-मई 2026 अनुसार विभिन्न योजनाओं के भूखण्ड़ों को क्रय करने के लिए बुधवार से नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाकर ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन बिड लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी की प्रक्रिया एसएसओ आईडी के जरिये अरबन सर्विसेज के माध्यम से की जाएगी।

निदेशक वित्त ने बताया कि भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी-मई 2026 अनुसार दिनांक 25.02.2026 से 07.05.2026 तक विभिन्न योजनाओं के आवासीय, व्यावसायिक एवं फार्म हाउस भूखण्डों सहित कुल 150 भूखण्ड़ों की नीलामी की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा दिनेश कुमार ने बताया कि भव्य ई-नीलामी में जेडीए की महत्वकांक्षी उजलिया फार्म हाउस योजना, राजीव गांधी नगर चौखा आवासीय योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, अरणा विहार योजना, झरणा विहार योजना, महात्मा गांधी नगर, मण्डलनाथ आवास योजना, विज्ञान नगर योजना, सुन्दरसिंह भण्डारी नगर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर बासनी तम्बोलिया के भूखण्ड़ों एवं खसरा संख्या 701 ग्राम चैखा स्थित व्यावसायिक भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों हेतु अलग-अलग निर्धारित की गई है।

नीलामी के समस्त भूखण्ड़ों एवं ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

### विवेक विहार योजना में अनाधिकृत निर्माण ध्वस्त

जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा मंगलवार को प्राधिकरण की विवेक विहार आवासीय योजना के सेक्टर जे में अनाधिकृत निर्माण कर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण दस्ते द्वारा आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार नियमित रूप से अवैध कॉलोनियों, अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है।

तहसीलदार जोन-03 डॉ. हंसराज राठौड़ के निर्देशन में प्राधिकरण दस्ते द्वारा विवेक विहार आवासीय योजना का मौका निरीक्षण करते हुए सेक्टर जे में प्लॉट नं. 08 व 09 में अनाधिकृत रूप से पक्के कमरे एवं बाड़ा बनाकर किए गए।

अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। कार्यवाहियों के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा व योगेश गहलोत, कनिष्ठ अभियन्ता हीरसिंह राजपुरोहित, पटवारी भूराराम गुर्जर मय जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

# जालोर ए.डी.एम. के ड्राइवर की मौत, ड्यूटी पर जाते समय हुआ हादसा

**जालोर** , (कासं)। जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सडक हादसे में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गणपत सिंह (50) पुत्र देवी सिंह निवासी बिशनगढ़ के रूप में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणपत सिंह सुबह करीब 8.15 बजे मोटरसाइकिल से जालोर की ओर ड्यूटी पर आ रहे थे। इसी दौरान श्री राम ग्रेनाइट के आसपास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

बताया जा रहा है कि गणपत सिंह जालोर अतिरिक्त जिला कलेक्टर के ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे और नियमित रूप से ड्यूटी पर आ-जा रहे थे। आकस्मिक निधन से प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है तथा फरार वाहन की तलाश जारी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# अमृता हाट मेला शुरू

**जालोर**, (का.सं.)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह एवं उद्यमी महिलाओं द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए अमृता हाट मेले का मंगलवार को शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में शुभारंभ हुआ।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में 23 से 27 फरवरी, 2026 तक अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा हैं।

अमृता हाट मेले में विभिन्न जिलो के स्वयं सहायता समूहों की 50 स्टॉल लगाई गई हैं। मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे मिट्टी के बर्तन, गर्म पट्टू, मूंग पापड़, आम पापड़, दलिया, नमकीन, हींग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेडीमेंड गारमेंट, श्रृंगार सामग्री, आचार, मुरब्बा, घर का साज-सजावट का सामान, टेरीकोटा, मीनाकारीा, नेट की साड़ियाँ, सूट, मनिहारी, पूजा थाली, मार्बल की मूर्तियाँ, जूट का सामान, कठपूतलियाँ, कशीदे का सामान, केर, सांगरी, कुमठिया व खाने-पीने का शुद्ध देशी गुणवत्तायुक्त उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अमृता हाट मेला शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में 27 फरवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक संचालित रहेगा। 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आमुखीकरण कार्यक्रम, 26 फरवरी को मिस एण्ड मिसेज अमृता हाट तथा 27 फरवरी को सायं 4 बजे अमृता हाट मेले का समापन व पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

शुभारंभ अवसर पर स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# निराश्रित पशुओं को सड़कों से हटाएं : डॉ.गावंडे

**जालोर**, (का.सं.)। ज़िला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में ज़िला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि जिले में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार ज़िले में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने को लेकर परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से टीम का गठन करते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें।

जिला कलैक्टर ने परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ओवरलोडिंग एवं अनाधि.त वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही वाहनों के फिटनेस संबंधी उल्लंघन के मामलों में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सड़क पर दौड़ते लोडिंग वाहनों जैसे हैवी डम्पर, ट्रक, ट्रैक्टर इत्यादि के पीछे रेडियम निर्मित रिफ्लेक्टर टेप इत्यादि लगवाने की बात कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को ज़िलें के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करने तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर संचालित अवैध ढाबों व बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना पर डिवाइडर पर रेलिंग/सुरक्षा जाल, व्हीकल लेन साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट संकेतक की सुनिश्चितता के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की सड़कों पर अवरोधों के रूप में आने वाले निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से समय-समय पर यातायात नियमों की पालना सुनिश्चिता के लिए जागरूकता अभियान चलाए एवं संबंधित विभागों के कार्मिकों की कार्यशाला कर प्रशिक्षण दिलवाए।

इस अवसर पर ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ भैराराम जाणी, जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आर.के. सिंघारिया सहित संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## थार जीप दीवार तोड़कर कायलाना झील में समाई

**जोधपुर**, (कासं)। कायलाना-सिद्धनाथ रोड पर मंगलवार की सुबह हादसा हो गया। एक थार जीप अनियंत्रित होकर सीधी जाकर एक दीवार से टकराने के बाद नीचे झील के पानी में गिर गई। थार में दो व्यक्ति सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया।

थार जीप पानी में समा गई, जिसको पुलिस ने जतन कर बाहर निकाला।सूचना पर राजीवा गांधी नगर थाना क्षेत्र की कायलाना चौकी प्रभारी रावलराम वहां पहुंचे।

चौकी प्रभारी रावलराम ने बताया कि थार जीप में अनिरूद्ध सिंह और किशन सिंह नाम के दो शख्स सवार थे। एक जयपुर का है तो दूसरा जोधपुर का है। यह लोग कायलाना- सिद्धनाथ रोड से होते हुए थार जीप से निकल रहे थे, तब थार अनियंत्रित होकर दीवार को तोड़ती हुई पानी में जा गिरी।

राहगीरों को पता लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। थार के दीवार तोडक़र गिरने के साथ वह चट्टान से भी टकराई। बाद में पानी में गिर गई।

# सेन समाज ने प्रदर्शन किया

**भीनमाल**, (निसं)। गत 21 फरवरी को बीकानेर के रणजीपूरा के पास बज्जू उपखंड मुख्यालय पर सेन समाज की एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या के मामले में सेन समाज भीनमाल ने उग्र विरोध प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर पूजा सक्सेना को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि बीकानेर के रणजीपूरा के बज्जू गांव में नाबालिग आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या प्रकरण में सभी आरोपियों की जल्द से गिरफ्तारी कर उनको फांसी की सजा देने की मांग की गई हैं। सैन समाज की नाबालिग बच्ची जो कि कक्षा आठवीं की छात्रा थी और अपनी परीक्षा देने के लिए घर से स्कूल जा रही थी। बीच राह कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उसका अपहरण करके बलात्कार किया गया व बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद उसे अर्ध नग्न हालात में पास ही जंगल में फेंक दिया। उस घटना को तीन दिन होने के बावजूद भी मात्र एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है जबकि बाकि के हत्यारो की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जब तक सेन समाज की इस बेटी को न्याय नहीं मिलेगा व परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता समय रहते नहीं मिलती है तो सभी उपखण्ड मुख्यालय पर उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

विक्रम कुमार चेकला, गणपत लाल कोमता, नरपत पराडयि, जबराराम भाटी, पृथ्वीराज गोयल, नितेश सेन, पुखराज चौहान, कांतिलाल कोरा, रामलाल नासोली, माधाराम जेतू, जबरमल भाटी, गिरधारी राउता, ताराराम, महेश कुमार, कालूराम, रोहित परमार, किशन सेन, हडमता राम, दिनेश कुमार, एसबी सेनावत, राजेश भाटी, महेंद्र सेन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खेत व बाड़े में अवैध अफीम की खेती का खुलासा

**जोधपुर**, (कासं)। चामू पुलिस ने गोदेलाई गांव में एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक खेत और आवासीय परिसर से सटे एक छोटे बाड़े से यह अवैध फसल जब्त की।

यह कार्रवाई चामू थानाधिकारी हनुमानराम विश्नोई के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को जब्त करने की प्रक्रिया की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोदेलाई निवासी जयराम चौधरी के घर के पास स्थित एक छोटे बाड़े में यह अवैध खेती की जा रही थी। चामू थाना पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 7 प्रतिष्ठानों से 20 घरेलू गैस सिलेण्डर बरामद

**पाली**, (नि.सं.)खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में आकस्मिक निरीक्षण कर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर 20 सिलेण्डर जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की।

जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, दुकानों, गोदामों इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार द्वारा गठित जांच दल द्वारा पाली जिले के बाली, मुण्डारा व सादडी में मंगलवार को 7 होटल एवं रेस्टोरेन्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिनमें घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाये जाने पर कुल 20 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्ती की कार्यवाही की गई।

ग्राम मुण्डारा स्थित मैसर्स हरिओम स्वीटस् से 2 घेरलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स परशुराम महादेव किराणा स्टोर्स से 8 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं बाली स्थित मैसर्स जोधपुर स्वीटस् एण्ड नमकीन से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स माताजी स्वीटस् से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, मैसर्स पढरपुरी चाय से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, सादडी स्थित मैसर्स ओम साई फास्ट फुड से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं मैसर्स किसान केसरी ढाबा से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये।

दोषियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलींग इत्यादि के विरूद्ध संचालित प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्टोरेन्टों, दुकानों, गोदामों, गैस एजेंसी इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

इस दौरान जांच में प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र सिंह आशिया एवं प्रवर्तन निरीक्षक भरत कुमार मौजूद रहे।

# बालोतरा में पुलिस का अभिनव पहल अभियान कीटनोद से शुरू

**बालोतरा**, (निसं)। पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि बालोतरा पुलिस द्वारा सामाजिक सहभागिता को सुदृढ करने एवं ग्राम स्तर पर प्रभावी जनसंवाद स्थापित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जनसंपर्क अभियान अपना गांव, अपनी जिम्मेदारी का शुरूआत आज 24 फरवरी को किटनोद गांव से किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों की पालना, नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना है।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर आमजन, युवाओं एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया। अभियान के अंतर्गत बीट अधिकारी स्तर से लेकर पुलिस अधीक्षक तक के अधिकारी ग्राम-ग्राम जाकर जनजागरूकता का संदेश देंगे तथा स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान शारदा विश्नोई निपु. थानाधिकारी जसोल द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से दी गई। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्र या को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाना है। साथ ही आमजन से कानूनों की जानकारी रखकर विधिसम्मत आचरण अपनाने की अपील की। तथा राजकॉप सिटीजन के बारे में विस्तार से बताया। लूणाराम उनि. प्रभारी यातायात शाखा बालोतरा ने यातायात जागरूकता विषय पर संबोधित करते हुए सडक सुरक्षा नियमों की पालना, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नाबालिग वाहन संचालन पर प्रतिबंध तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यातायात अनुशासन केवल दंड से नहीं, बल्कि जागरूकता और आत्मानुशासन से सुनिश्चित होता है। मिश्रेखां साईबर सेल द्वारा साइबर जागरूकता विषय पर डिजिटल प्रस्तुति देते हुए ऑनलाइन ठगी, ओटीपी एवं लिंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग तथा डिजिटल भुगतान से जुडे जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने नागरिकों को किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा आवश्यकता होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध घटित होने पर राष्ट ीय साईबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर तत्काल कॉल करने के लिए बताया।

विद्यार्थियों द्वारा नशे से परिवार, स्वास्थ्य एवं समाज पर पडने वाले दुष्प्रभावों को मार्मिक रूप से दर्शाया गया। स्वरूप खान एण्ड पार्टी ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

रमेश आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, जिला बालोतरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपना गांव, अपनी जिम्मेदारी केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग और सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। कार्यक्रम में विरेंद्रकरण सिंह, अखाराम चौधरी, मुकनाराम चौधरी, हरनाथ सिंह, अंबाराम चौधरी, विशनाराम भील, नरेन्द्रकरण सिंह, रघुनाथ परिहार, अजाराम देवासी, जगदीश हरिजन, सज्जनसिंह, इस्माइल खान, वीरमदेव सहित बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# रामनवमी महोत्सव समिति की घोषणा हुई

**जोधपुर**, कासं)। विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित विराट रामनवमी महोत्सव समिति की घोषणा आज परिषद कार्यालय में की गई। कार्यक्रम में चांदपोल रामद्वारा के संत हरिराम शास्त्री ने कहा कि इस भव्य शोभायात्रा से समाज में समरसता का भाव उत्पन्न होगा तथा सनातन धर्म की शक्ति को और अधिक मजबूती मिलेगी।

विहिप प्रांत अध्यक्ष डॉ. राम गोयल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम जन-जन के आराध्य हैं और उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची रामभक्ति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जोधपुर में रामनवमी का यह विराट आयोजन घर-घर राम का संदेश पहुंचाएगा। प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी ने बताया कि अधिकाधिक संख्या में राम उत्सव कार्यक्रम प्रत्येक प्रखंड स्तर तक आयोजित किए जाएंगे और राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष अर्जुन सिंह उचियारड़ा ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है, उसका वे पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संपूर्ण हिंदू समाज को जोड़कर रामनवमी महोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

महोत्सव समिति ट्रस्ट अध्यक्ष रामप्रताप अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा की झांकियां संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच परिवर्तन विषय पर आधारित रहेंगी।

समिति की प्रथम महिला महामंत्री के रूप में प्रियंका बाहेती तथा महामंत्री मदन सिंह राजपुरोहित एवं पंकज देवड़ा की घोषणा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने नवगठित समिति का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन जोधपुर महानगर मंत्री विक्रांत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रांत के महेंद्र सिंह राजपुरोहित विक्रम सिंह परिहार पंडित राजेश दवे दक्षिण जिला अध्यक्ष प्रेमाराम उत्तर के अध्यक्ष प्रदीप सांखला विवेक, महर्षि तरुण सोतवाल, नरेंद्र सिंह, बाबूलाल सहित अनेक रामभक्त उपस्थित रहे।

## निजी बसों की हड़ताल बेअसर

**जोधपुर**, (कासं)। । ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ऑनर एसोसिएशन की चक्का जाम हड़ताल आज जोधपुर में बेअसर रही। शहर में हड़ताल के ऐलान के बीच निजी बसें बेरोकटोक चलती रहीं और हड़ताल का असर नजर नहीं आया। जबकि एसोसिएशन की ओर से दावा किया जा रहा था कि बसों की हड़ताल रहेगी। किसी भी रूट पर बसें नहीं चलेंगी।

अधिकांश चौराहों पर निजी बसें यात्रियों को चढ़ाती-उतारती दिखीं, वहीं कई बसें माल ढुलाई करती भी नजर आईं। अलग-अलग गली-मोहल्लों से भी सवारियां बिठाकर बसें अपने गंतव्य तक जाती रहीं। वहीं सिटी बस, टैक्सी और अन्य छोटे-बड़े रूट की बस सेवाएं भी सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। केवल एसोसिएशन से जुड़े कुछ बस मालिकों की बसें बंद रही।

# मल्लीनाथ पशु मेला पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्री मल्लीनाथ पशु मेला प्रबंधकारिणी की बैठक में यादव ने 15 मार्च से प्रारंभ होने वाले श्री मल्लीनाथ पशु मेले की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जायेगा, जो दुकानों की नीलामी से प्राप्त राशि का मेले के आयोजन के खर्च का भुगतान करते हुए शेष राशि राज्य सरकार के खाते में जमा करेगी।

उन्होंने पशु और दर्शनार्थियों के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर में आवश्यक दवाइयों के साथ मेडिकल टीम मय एंबुलेंस के निर्देश दिए। उन्होने मेले के दौरान वित्तीय सुविधा प्रदान करने के लिए बीसी के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, जहर खुरानी घटनाएं रोकने को पुलिस बल तैनात करने तथा दर्शनार्थियों के मार्ग को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला मैदान में आगजनी की रोकथाम के लिए मेला अवधि के दौरान अग्निशमन वाहन के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि मेला मैदान में केवल नीलामी में आवंटित दुकानों को ही व्यापार की अनुमति प्रदान की जाये।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार, नगर परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी, जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता लतीश, जल विभाग के अधीशाषी अभियंता छत्राराम, जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया, जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत आदि उपस्थित रहे।

# बीकानेर : 8वीं कक्षा की छात्रा की हत्या के मामले में आरोपी युवक डिटेन

## आरोपी ने छात्रा का पीछा कर उसे रास्ते में पकड़ा और चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी थी

- वारदात के बाद आरोपी अपने घर चला गया, पुलिस को गुमराह करने के लिए शव मिलने के बाद ग्रामीणों व परिजनों के साथ एक दिन धरने पर भी बैठा रहा
- घटना के चौथे दिन मंगलवार को धरने पर बैठे ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद छात्रा के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया
- घटना से पहले और बाद में सीसीटीवी फुटेज में आते-जाते दिखा, बोला कि खेत पर गया था

**बीकानेर,** (निसं)। यहां 8वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रही 13 वर्षीय छात्रा की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को डिटेन किया है। आरोपी ने छात्रा का पीछा कर उसे रास्ते में पकड़ा और चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद अपने घर चला गया। पुलिस को गुमराह करने के लिए शव मिलने के बाद ग्रामीणों व परिजनों के साथ एक दिन धरने पर भी बैठा रहा। इधर, घटना के चौथे दिन मंगलवार दोपहर करीब एक बजे धरने पर बैठे ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि 21 फरवरी को छात्रा दोपहर 12:15 अपने घर से 8वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रही थी। करीब 1:46 बजे स्कूल प्रशासन ने परिजनों को बताया कि छात्रा स्कूल नहीं पहुंची है। इसके बाद हम लोगों ने तलाश शुरू कर दी। थोड़ी दूर पहुंचे तो बच्ची का शव अर्द्धनग्न हाल में पड़ा था। जांच में सामने आया कि रास्ते में आरोपी युवक ने छात्रा को जबरन रोक लिया। विरोध करने पर उसने बालिका का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आशंका है कि घटना के दौरान दुष्कर्म भी किया गया।

एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि जांच के दौरान घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी में 21 फरवरी की सुबह करीब 12:15 बजे एक युवक जाते हुए दिखाई दिया। दोपहर करीब 1 से 1:30 बजे के बीच लौटता हुआ नजर आया। शक के आधार पर पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो युवक ने खेत में काम से जाने की बात कही। घटनास्थल और खेत की दूरी का अनुमान लगाया गया। आरोपी के बताए काम व दूरी के मुताबिक वह कुछ ही मिनटों में वापस आ सकता था, लेकिन वह काफी देर बाद लौटा। वारदात के बाद आरोपी घटना स्थल पर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठा रहा। अगले दिन 22 फरवरी को समझाइश कर बॉडी को हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था। संदिग्ध युवक को दो दिन की पूछताछ के बाद सोमवार को डिटेन किया गया। सख्ती से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसने वारदात करना कबूल कर लिया।

एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया किघटना के चौथे दिन मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे धरने पर बैठे ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन में सहमति बनी। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। उपखंड प्रशासन स्तर पर परिजनों को लिखित में मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया है। 5 लाख रुपए पीड़ित प्रतिकर योजना, 5 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी दिलवाने की बात कही है। वहीं मुआवजे के रूप में एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जाएगा।

# भुसावर थाने में लड़की लाने पर दो कांस्टेबल नौकरी से बर्खास्त

- 23 फरवरी की रात थाने में लड़की लेकर आने का एक युवक ने वीडियो बना लिया था
- लड़की के परिजनों को पता लग गया था, लेकिन बदनामी के कारण शिकायत दर्ज नहीं करवाई

**भरतपुर,** (निसं)। भुसावर थाने में दो पुलिसकर्मियों द्वारा एक युवती को लाना भारी पड़ गया। एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। दोनों कांस्टेबल 23 फरवरी की रात थाने में एक लड़की को लेकर आये थे, जिसका एक युवक ने वीडियो बना लिया। यह वीडियो सामने आने के बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। हालांकि लड़की के परिजनों को भी पता लग गया था, लेकिन उन्होंने बदनामी के कारण कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई।

वीडियो बनाने वाले युवक ने बताया कि 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे के आसपास एक बाइक मेरे घर के पास आकर रुकी। बाइक पर दो युवक थे। दोनों युवकों ने बाइक पर एक लड़की को बैठाया और उसे अपने साथ ले गए। युवक ने बाइक का पीछा किया। बाइक भुसावर पुलिस थाने के अंदर आ गई। थाने में पूछताछ करने पर पता कि बाइक पर सोनू और परमवीर नाम के कांस्टेबल थे। दोनों कांस्टेबल भुसावर थाने पर ही तैनात हैं। दोनों कांस्टेबल ने लड़की के साथ छेड़छाड़ और बदत्तमीजी की थी। लड़की के परिजनों को इसका पता लगा तो, वह भी थाने पहुंचे और लड़की को थाने से ले गए। युवक ने जब वीडियो बनाया तो, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने युवक से मोबाइल छीन लिया और उसे जब्त कर लिया। पुलिसकर्मियों ने युवक के साथ मारपीट भी की है।

जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने बताया कि भुसावर थाने पर अटैच दो रिक्रूट कांस्टेबल ट्रेनिंग सोनू कुलदीप और परमिंदर उनके खुलाफ दुराचरण का एक मामला सामने आया था। इसमें प्रथम दृष्टया जांच में पाया कि नैतिक पतन और प्रर्वेक्षण अवधि के दौरान फोर्स के अनुसार कार्य प्रणाली न होने के सीधे-सीधे संकेत मिले थे। इस सम्बन्ध जांच की तो औपचारिकता करने का कोई भी स्कोप संकेत युक्ति नहीं था, इसलिए दोनों को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

# 16 महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। गुलाबपुरा थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में पिछले16 महीने से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 25 सितंबर 2024 को गुलाबपुरा थाने में एक प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी मोहम्मद गनी उर्फ गनी मोहम्मद ने उसे रास्ते में रोककर डराया-धमकाया और उसके साथ मारपीट की। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित कर रखा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) राजेश आर्य एवं वृत्ताधिकारी (गुलाबपुरा) जितेंद्र सिंह के सुपरविजन में गुलाबपुरा थानाधिकारी संजय कुमार (पु.नि.) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपी मोहम्मद गनी उर्फ गनी मोहम्मद पिता मीराबक्स को गिरफ्तार किया है।

# भुसावर के निठार गांव में पैंथर की दहशत

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। उपखण्ड भुसावर के गांव निठार में पिछले कई महीनों से पैंथर के लगातार मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाल ही में ग्रामीणों ने ड्रोन कैमरे की मदद से पैंथर की तस्वीरें कैद की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर को कई बार पहाडी क्षेत्र सहित खेतों और आबादी क्षेत्र के आसपास देखा गया है। इससे पशुपालकों और किसानों में भय बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने गांव और आसपास के क्षेत्र में पिंजरे लगाए हैं तथा लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीण रवि मीणा जोरवाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर का मूवमेंट पिछले कई महीनों से देखा जा रहा है, जिससे लोगों में डर व्याप्त है।

# पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी को पकड़ा

- खरीदी गई जमीन का इंतकाल खोलने और रहन का राजस्व रिकॉर्ड से अंकन हटाने के बदले रिश्वत मांगी थी



आरोपी पटवारी

**अलवर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने अलवर में कार्रवाई करते हुए पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने पटवार हल्का खोहरी तहसील बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ में कार्यरत पटवारी अतुल कुमार यादव को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा।

एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को एक शिकायत मिली थी। शिकायत में परिवादी ने बताया कि उसने अपने और अपनी भाभी के नाम से ग्राम खोहरी तहसील बानसूर में करीब साढ़े पांच बीघा जमीन 22 जनवरी 2026 को खरीदी थी और उसी दिन तहसीलदार कार्यालय बानसूर में उसकी रजिस्ट्री भी करवाई थी।

आरोप है कि खरीदी गई जमीन का इंतकाल खोलने और रहन का राजस्व रिकॉर्ड से अंकन हटाने के बदले हल्का पटवारी अतुल कुमार यादव ने परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये रिश्वत की मांग की और उसे परेशान किया। शिकायत के सत्यापन के दौरान 6 फरवरी को भी आरोपी द्वारा रिश्वत मांगना पाया गया। इसके बाद एसीबी चौकी अलवर प्रथम ने कार्रवाई की योजना बनाई। अलवर चौकी प्रभारी उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी पटवारी को परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# चार साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## अक्टूबर 2020 के पिकअप चोरी के मामले में कार्रवाई की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गांधीनगर थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की नजरों से बच रहा था।

मामला 17 अक्टूबर 2020 का है, जब पांसल रोड निवासी मुश्ताक खान कायमखानी की महिन्द्रा मैक्स पिकअप उनके घर के बाहर से चोरी हो गई थी। चोरी के दौरान जब नौकर और अन्य लोगों ने चोर का पीछा किया, तो आरोपी ने उन्हें डराने और ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था। इस संबंध में थाना प्रतापनगर में आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया था। गांधीनगर थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश ढोली पिता भैरूलाल ढोली निवासी रूपाखेड़ा ढोसर, थाना गंगापुर, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के साथ एएसआई सुनील कुमार, साइबर सेल के एएसआई आशीष, हैड कांस्टेबल किशोर कुमार (सायबर सेल), कांस्टेबल ब्रजमोहन और राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लंबित सफाई कर्मचारी भर्ती में 329 पदों पर नियुक्ति की मांग

- अलवर नगर निगम में सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया



अलवर में सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर नगर निगम परिसर में नारेबाजी की।

**अलवर,** (निसं)। अलवर में मंगलवार को सफाई कर्मचारी और वाल्मीकि समाज के लोगों ने नगर निगम परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने 2012 से लंबित सफाई कर्मचारी भर्ती में 329 पदों पर नियुक्ति की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका पर खिलाफ नाराजगी जताई।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि दो फरवरी को समाज के लोग मंत्री के आवास पर पहुंचे थे और लंबित नियुक्तियां जारी करने की मांग की थी। उस दौरान मंत्री ने नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका को मौके पर बुलाकर 14 दिन में नियुक्ति देने का आश्वासन दिया था। आश्वासन के बाद समाज के लोग वापस लौट गए थे। धरना दे रहे विकास कुमार ने बताया कि 2012 की भर्ती प्रक्रिया के बाद 329 अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति नहीं दी गई है। करीब डेढ़ महीने पहले नियुक्ति के आदेश जारी होने के बावजूद निगम की ओर से जॉइनिंग लेटर नहीं दिए गए। उन्होंने कहा कि मंत्री ने 14 दिन का समय दिया था, आज 22 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

# युवक ने सरकारी स्कूल में घुसकर लाठी से प्रिंसिपल का पैर तोड़ा

- शराब पीकर स्कूल में घुसा युवक, डॉक्यूमेंट पर साइन नहीं करने पर भड़क गया था
- बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुंपालसर के सरकारी स्कूल का मामला

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कुंपालसर में एक युवक ने सरकारी स्कूल में घुसकर लाठी से प्रिंसिपल का पैर तोड़ दिया। प्रिंसिपल ने बताया कि युवक नशे में था।

जानकारी के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के अधूरे दस्तावेजों पर साइन करने से मना किया तो आरोपी भड़क गया। इस पर गाली-गलौज करते हुए पहले चाय की भगोनी प्रिंसिपल के ऊपर फेंक दी, फिर प्रिंसिपल पर लाठी से हमला कर दिया और बोला कि मुझे मुकदमे का डर नहीं, जो करना है कर ले। प्रिंसिपल किशनाराम कायल ने बताया कि 23 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे कुंपालसर निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र सोहनराम स्कूल में जाति प्रमाण पत्र के फॉर्म पर साइन करवाने आया था, लेकिन फॉर्म अधूरा ही था। पूरी जानकारी भरने के लिए कहने पर आरोपी भड़क गया। गाली-गलौज करते हुए उसने जमीन पर गिराकर मारपीट की। जाति प्रमाण पत्र फॉर्म में जानकारी भरने के लिए कहने पर भड़क गया। गाली गलौज की और चाय का स्टील का भगोना उठाकर उनके सिर पर फेंका। जाति प्रमाण पत्र फॉर्म में जानकारी भरने के लिए कहने पर भड़क गया। गाली-गलौज की और चाय का स्टील का भगोना उठाकर उनके सिर पर फेंक दिया। प्रिंसिपल ने उठने की कोशिश की तो पास में इंडक्शन चूल्हे पर रखा चाय का स्टील का भगोना उठाकर उनके सिर पर मारने की कोशिश की गई। बचाव के दौरान प्रिंसिपल ने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे उनके हाथ में गहरी चोट आई। उन्होंने शोर मचाकर सहकर्मी विनोद कुमार पूनियां को बुलाया। स्कूल गेट पर आकर गाली-गलौज करने लगा। प्रिंसिपल समझाने के लिए गेट तक जाने पर रामचंद्र ने लाठी से पैर पर हमला कर दिया।

श्रीडूंगरगढ़ एसएचओ कश्यप सिंह राघव ने बताया कि कुंपालसर गांव के सरकारी स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल किशनाराम कायल ने इस संबंध में शिकायत दी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्कूल गेट पर आकर गाली-गलौज करने लगा, प्रिंसिपल समझाने गए तो मारपीट की। घटना के बाद स्कूल परिसर में स्थिति तनावपूर्ण रही। शिक्षक संगठनों ने विरोध जताते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि स्कूल परिसर में इस तरह की घटना चिंता का विषय है।

# तीन करोड़ का मादक पदार्थ नष्ट कराया

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्य कमल प्रसाद अति. पुलिस अधीक्षक व घासीलाल अपराध सहायक, कार्यालय व संबंधित थानाधिकारियों की उपस्थित में जिले में एनडीपीएस एक्ट के दर्ज 26 प्रकरणों में जब्तशुदा मादक पदार्थ, गांजा 147 किलोग्राम, डोडा-चूरा 380 किलोग्राम, स्मैक 791 ग्राम, चरस 191 ग्राम, गांजा के पौधे03 किलोग्राम को न्यू रिको एरिया, निवाई स्थित फैक्ट्री में जलाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। उपरोक्त जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 3 करोड़ रूपये से अधिक है।

# भीलवाड़ा में 2300 किलो लाल मिर्च पाउडर व 1710 किलो धनिया मसाला सीज़

## खाद्य विभाग टीम ने 400 किलो खजूर मौके पर नष्ट करवाया

- मिलावटी मसालों पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य विभाग टीम ने स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड में छापा मारा



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संदिग्ध मसाले जब्त किए।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला कलैक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में जिले में होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने सक्रियता के साथ कार्य करते हुए मिलावटखोरों पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चित्तौड़गढ़ रोड स्थित स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड, कोल्ड स्टोरेज पर बड़ी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने फर्म पर छापेमारी कर भारी मात्रा में संदिग्ध मसाले जब्त किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि स्टार लाईट एग्रो लिमिटेड पर कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा लगभग 2300 किलोग्राम से अधिक लाल मिर्च पाउडर तथा 1710 किलोग्राम साबुत धनिया मसाला को सीज किया गया। इसके अलावा करीब 400 किलोग्राम खजूर को मौके पर ही टीम ने नष्ट करवाया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने जब्त सामग्री के सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भिजवाए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान टीम में प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, फहद खान, डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता और पैकेजिंग की जांच अवश्य करें तथा संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तुरंत विभाग को दें। इसके लिए आमजन जिले में खाद्य पदार्थो में किसी भी तरह की मिलावट की आंशका होने पर कार्यालय के दूरभाष नम्बर पर सूचना दे सकते हैं।

# टोंक में खाद्य सामग्री का नष्टीकरण किया

**टोंक।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण टी शुभंगला के दिशानिर्देशों की पालना में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु होली के त्यौहार पर विशेष अभियान "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" के तहत जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा की कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि मंलगवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा शहर में पक्का बंधा पर संचालित फर्म शर्मा दूध डेयरी टोंक का औचक निरीक्षण कर घी का एक नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। साथ ही शेष बचे 26 किलो घी को मिलावट का अंदेशा होने के कारण सीज किया गया।

इसी प्रकार निवाई उपखंड में जुगलपुरा ढाणी में स्थित अंकित मिष्ठान भंडार का औचक निरीक्षण कर मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। साथ ही उक्त फर्म के गोदाम में रसगुल्ले के 20 टिन कुल मात्रा लगभग 300 किलोग्राम जो कि खराब स्थिति में बदबूदार पाए गए, को मौके पर ही निवाई में स्थित डम्पिंग यार्ड में डलवाकर नष्ट कराया गया। इसी प्रकार मुंडिया हाइवे पर संचालित पारस रिसॉर्ट का निरिक्षण किया गया जहां पर भारी अनियमितता पाई गई। रिसॉर्ट में कई प्रकार के एक्सपायरी खाद्य पदार्थ आइसक्रीम, पीज़ा बेस, सॉस, पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, आयोडीन नमक, नमकीन आदि पाए गए, जिनको मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही प्रतिष्ठान पर भारी अनियमितता पाए जाने पर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया।

# लापता युवक का शव मिला

**बूंदी,** (निसं)। मंगलवार को नमाना थाना क्षेत्र के सांकड़दा निवासी महावीर पुत्र मन्ना लाल का शव नहर में मिला। सांकड़दा निवासी महावीर पुत्र मन्ना लाल 22 फरवरी रविवार से लापता था। वह घर से मजदूरी के लिए निकला था, जिसका शव मंगलवार सुबह गांव के पास निकल रही नहर में मिला। जानकारों ने बताया कि नहर किनारे 23 फरवरी को मोटरसाइकिल व मोबाइल दिखाई दिया था। इस आधार पर ग्रामीणों, परिजनों ने नमाना थाने में सूचना उपलब्ध करवाई थी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**

पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001)
फोन नं., 0151-2226475, ई-मेल: phedrini gmail.com, sediv2.hik.phed@rajasthan.gov.in, Latitude 28.0005250, Longitude 73.3249120

क्रमांक:- 7755-69 **Notice Inviting Bid :- 224 to 225/2025-26** दिनांक :- 19.02.2026

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 26.02.2026 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of **Rs. 140.00 lacs.**

| NIT No. | 224 | 225 |
|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526WSOB14597 | PHE2526WSOB14 598 |

(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियात्रिक विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

DIPR/C/3981/2026

**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID: eepheddn1bkn@gmail.com, Contact No.: 0151-2941473

No. 4891-4915 **Notice Inviting Bid : 132/2025-26** Date:16.02.2026

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 27.02.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 155.87 Lacs.
UBN No. PHE2526WSOB14333

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/3487/2026

**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID: eepheddn1bkn@gmail.com, Contact No.: 0151-2941473

No. 4850-4874 **Notice Inviting Bid : 130-131/2025-26** Date:13.02.2026

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 27.02.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 239.09 Lacs. UBN No. PHE2526WSOB14239, PHE2526WSOB14240

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/3486/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी.टी. रोड धौलपुर
फोन नं0 05642-220728 ई-मेल ee.dho.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक: 3669-75 **ई-निविदा सूचना संख्या 105/2025-26** दिनांक :- 12.02.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यों की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकतें है।

| | |
|---|---|
| एन.आई.वी.नं. | PHE2526A6492 |
| यू.वी.एन. | PHE2526WSOB13946 |

(जीतेन्द्र लवानिया)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर

DIPR/C/3459/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक :- 3444-55 दिनांक :- 13.02.2026

**Notice Inviting Bid:- 107-114/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 26.02.2026 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 255.60 lacs.

| NIT No. | 107 | 108 | 109 | 110 |
|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526 WSRC14262 | PHE2526 WSRC14263 | PHE2526 WSRC14264 | PHE2526 WSRC14265 |
| NIT No. | 111 | 112 | 113 | 114 |
| UBN No. | PHE2526 WSRC14266 | PHE2526 WSRC14267 | PHE2526 WSRC14268 | PHE2526 WSRC14269 |

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड कोलायत

DIPR/C/3488/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड हिण्डौन**
TEL NO:-07469-230595, EMAIL:- xenphedhnd@yahoo.in

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various work in PHED Dn. Hindaun is invited from interested bidders. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state and http://eproc.rajasthan.gov.in departmental website.

NIB No. PHE2526 A 6483

| S.No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 52/2025-26 | PHE2526 SLOB 13934 |

| S.No. | Total Work | |
|---|---|---|
| 1 | Total Estimated Cost | 28.48 Lacs |
| 2 | Tender Submission Start Date | 16.02.2026 Upto 12:00 PM |
| 3 | Tender Submission End Date | 24.02.2026 Upto 6:00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening Date | 25.02.2026 Upto 12:00 PM |

(जय नारायण चेतीवाल) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभियांत्रिक विभाग, खण्ड-हिण्डौन सिटी

DIPR/C/3450/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण खण्ड दूदू जिला जयपुर**
पंचायत समिति परिसर दूदू, जयपुर
E-mail:-eewdsc.dudu@rajasthan.gov.in

कमांक:-1022-1027 **ई-निविदा सूचना संख्या- 02 / 2025-26** दिनांक: 17.02.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के अन्तगत जिला जयपुर के ब्लॉक फागी में फार्म पौण्ड, संकन पौण्ड, कार्य निर्माण मय दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो,, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 18.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 को सांय 06:00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 26.02.2026 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" एवं विभागीय वेबसाईट "www.watershed.gov.in" पर देखा जा सकता है।

NIB CODE:- WSC2526A1691
UBN NO:- 1-WSC2526WSOB02927

(प्रीति सुमन मट्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण
पंचायत समिति दूदू जयपुर।

DIPR/C/3849/2026

# गैंगस्टर्स से मिलने वाली धमकियों का मामला विधानसभा में गूंजा

## निर्दलीय विधायक रविन्द्र भाटी ने सदन में कहा ''राजस्थान में किसी की परचून की दुकान भी ढंग से चल रही है तो विदेश में बैठे गैंगस्टर्स व जेल में बैठे बदमाश धमकियां देते हैं।''

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** गैंगस्टर्स से व्यापारियों व आमजन को लगातार मिल रही धमकियों का मुद्दा मंगलवार को विधानसभा में भी गूंजा। निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने शून्यकाल में यह मामला उठाते हुए कहा कि, आज विदेश में बैठे गैंगस्टर्स और जेल में बैठे बदमाश लोगों को धमकाकर रंगदारी मांग रहे हैं। हमें उत्तरप्रदेश-बिहार और मुंबई की तर्ज पर गैंगस्टर्स को ठोकने की आवश्यकता है। एक को ठोक देंगे तो बाकियों में मैसेज जाएगा। इस मुद्दे पर गृह राज्यमंत्री ने जवाब देते हुए कांग्रेस राज को कोसा तो सदन में हंगामा मच गया।

- **भाटी ने कहा कि ''उत्तरप्रदेश-बिहार और मुंबई की तर्ज पर राजस्थान में भी गैंगस्टर्स को ठोकने की आवश्यकता है। एक को ठोक देंगे तो बाकियों में मैसेज जाएगा।''**
- **गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कांग्रेस को सदन में घेरते हुए कहा कि, ''हम गैंगस्टर्स के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं, कांग्रेस राज में तो बदमाश छाती पर चढ़कर गोली मारते थे।''**
- **मंत्री बेढ़म की इस टिप्पणी पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत विपक्षी विधायकों ने आपत्ति जताई**

शून्यकाल में निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह सिंह भाटी ने कहा कि इंटरनेट कॉलिंग से व्यापारियों, डॉक्टरों सहित प्रतिष्ठित लोगों को वसूली के लिए गैंगस्टर्स की धमकी आम बात हो गई है। अब तो हालात ऐसे हैं कि अगर किसी की परचून की दुकान भी ढंग से चल रही है तो उसको भी धमकी मिल रही है। इन धमकियों से व्यापारियों में दहशत है। जिसको धमकी मिलती है, वह अपनी दुकान, अपने शोरूम, अपने प्रतिष्ठान तक नहीं जा पाता। उसके बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। परिवार घरों में कैद होकर रह जाता है।

भाटी ने कहा कि, जिसे धमकी मिलती है, उसके घर के बाहर 2 पुलिसकर्मी तैनात कर देते हैं। उसके बाद भी गैंगस्टर फोन करके कहते हैं कि ये दो पुलिसवाले क्या आपको बचा लेंगे? यह जानकारी इन गैंगस्टर्स तक कौन पहुंचाता है? कोई स्थानीय नेटवर्क है, जो इनकी मदद करता है।

भाटी ने कहा कि, संगठित अपराध में मदद करने वाले स्थानीय गैंग की पहचान कर उनकी संपत्ति जब्त कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। रक्तरंजित राजस्थान होने से बचाना है तो चुन-चुन कर बदमाशों को बाहर निकालकर कार्रवाई करने की जरूरत है। नाबालिग बच्चों तक को क्राइम में शामिल किया जा रहा है। हमें यूपी-बिहार, मुंबई की तर्ज पर गैंगस्टर्स को ठोंकने की आवश्यकता है। एक को ठोंक देंगे तो बाकी बदमाशों में मैसेज जाएगा।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि, एजीटीएफ ने रोहित गोदारा गैंग के 50 हजार के इनामी अमरजीत बिश्नोई और उसकी पत्नी सुधा कंवर को इटली से तथा आदित्य जैन ऑफ टोनी को दुबई से गिरफ्तार करवाया।

अमित शर्मा को सीबीआई और इंटरपोल की मदद से अमेरिकी एजेंसियों को सूचित कर अमेरिका में डिटेन करवाया। हम अपराधियों के खिलाफ ताकत से कार्रवाई करेंगे।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बेढ़म ने कहा कि, हमारी सरकार ने अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। एजीटीएफ ने ऐसे अपराधियों के खिलाफ 2024 में 36484 टीमों का गठन कर 1 लाख 23 हजार से ज्यादा स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की है। कांग्रेस के राज में तो आपकी छाती पर चढ़कर अपराधी गोली चलाते थे, आप अपराधियों के जवाब में कुछ करते नहीं थे, अधिकारियों को और काम नहीं करने देते थे।

गृह राज्य मंत्री की इस टिप्पणी और तंज से सदन में हंगामा मच गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि, आप पिछला छोड़िए, आप क्या कर रहे हो, गैंगस्टर्स और अपराध पर क्या कार्रवाई की, उस पर बताइए। इस दौरान दोनों ओर से तनातनी होने लगी। बेढ़म ने कहा कि जवाब पूछा है तो अब सुनना होगा। मैं यह तो नहीं कह सकता कि 100 फीसदी रोक लगा दी, लेकिन पिछली सरकार के वक्त में जिस तरह का जंगल राज था, हर दूसरे दिन व्यापारियों को धमकाना, अपहरण की घटनाएं, फायरिंग की घटनाएं होती थी, उन पर अंकुश लगाया है।

### कांग्रेस विधायक को स्पीकर देवनानी की कड़ी चेतावनी

**जयपुर (विसं)।** गैंगस्टर्स द्वारा रंगदारी वसूले जाने के मामले को लेकर विधानसभा में कांग्रेस-बीजेपी के बीच खूब आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

कांग्रेस विधायक विकास चौधरी ने 23 फरवरी को गैंगस्टर्स के रंगदारी वसूलने के मामले में स्थगन प्रस्ताव लगाया था, लेकिन सदन में इसे उठाया नहीं। इसे लेकर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन में कहा कि स्थगन प्रस्ताव लगाकर सदन में ही रहे। एक विधायक कल स्थगन प्रस्ताव लगाकर सदन से चले गए, जबकि जिस वक्त स्थगन प्रस्ताव के लिए व्यवस्था दी, तब वे मौजूद थे, लेकिन बोलने की बारी, तब सदन से चले गए, आगे से ऐसा नहीं हो।इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रंगदारी मामले में स्पीकर से सदन में चर्चा रखवाने की मांग की। इस पर स्पीकर ने अलग से आधे घंटे की चर्चा का आश्वासन दिया। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव पर जवाब देने की परंपरा नहीं है, लेकिन मुद्दा ही इतना महत्वपूर्ण है, इसलिए गृह राज्य मंत्री ने जवाब दिया, लेकिन इस मुद्दे पर भी राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीति भी वो कर रहे हैं, जिनका विधायक इसी मुद्दे पर स्थगन लगाकर मैदान छोड़कर भाग गया।

# 'बजट सत्र में ढिलाई नहीं चलेगी'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों और विधायकों को दिए कड़े निर्देश



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा की 'हां पक्ष' लॉबी में भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मंगलवार को विधानसभा के 'हां पक्ष' लॉबी में भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की। बैठक में अब तक के सत्र के दौरान मंत्रियों के प्रदर्शन, प्रश्नकाल में जवाब देने की तैयारी और विपक्ष के हमलों का जवाब देने की रणनीति पर विस्तार से मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने विधायकों की अनुपस्थिति और कुछ मंत्रियों के अधूरी तैयारी के साथ सदन में पहुंचने पर नाराजगी जताई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट कहा कि बजट सत्र सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है और इसमें सभी विधायकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने नियमित रूप से सदन में उपस्थित रहने वाले विधायकों की सराहना करते हुए उनके लिए तालियां भी बजवाईं। इनमें श्रीचंद कृपलानी, जोगेश्वर गर्ग, सुभाष मील, संजीव बेनीवाल, कल्पना राजे और अर्जुन लाल जीनगर के नाम शामिल रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने 2 वर्षों में हर विभाग में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिन्हें तथ्यों और आंकड़ों के साथ मजबूती से सदन में रखा जाना चाहिए। उन्होंने माना कि पिछले कुछ दिनों में प्रश्नकाल के दौरान कुछ मंत्री अधूरी तैयारी के साथ पहुंचे, जिससे विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिला। सीएम ने मंत्रियों को आक्रामक और आत्मविश्वासपूर्ण रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रश्नों के उत्तर पूरी तैयारी, समन्वय और प्रामाणिक आंकड़ों के साथ दिए जाएं। विभागीय समन्वय की कमी दूर करने और तैयारी को और मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार मुद्दों को उछालकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है, ऐसे में सभी मंत्रियों और विधायकों को एकजुट होकर प्रभावी ढंग से जवाब देना होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी इस समय अंतर्कलह से गुजर रही है, जबकि प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और जनता सरकार के काम से संतुष्ट है। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि बजट सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी सदस्यों को नियमित उपस्थिति व ठोस तैयारी सुनिश्चित करनी होगी।

### सभी पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने का आश्वासन

**जयपुर (विसं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी पात्र आवेदनकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नए एवं वंचित पात्र परिवारों को शामिल करने के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल 26 जनवरी 2025 से खोल दिया गया है।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामस्वरूप लाम्बा के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 4,46,61,960 की सीलिंग सीमा निर्धारित की गई है। इस सीमा के अंतर्गत उपलब्ध रिक्त स्थानों के विरुद्ध पात्र वंचित लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल करने की कार्यवाही जारी है।

मंत्री ने बताया कि 26 जनवरी 2025 से पोर्टल खुलने के बाद विधानसभा क्षेत्र नसीराबाद में 12 फरवरी 2026 तक ब्लॉक एवं नगरपालिका स्तर पर कुल 3,457 आवेदन प्राप्त हुए।

# मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स से प्रदेश के 61 लाख पशुओं का नि:शुल्क इलाज

## पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में दिया जवाब

**जयपुर (विसं)।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना के माध्यम से पशुपालकों को घर बैठे पशुओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी, 2024 से प्रारंभ इस योजना के तहत 15 फरवरी, 2026 तक मोबाइल वेटरनरी यूनिट द्वारा ऑन-कॉल सेवाओं एवं शिविरों के माध्यम से 15 लाख 99 हजार 840 पशुपालकों के कुल 61 लाख 30 हजार 856 पशुओं का नि:शुल्क उपचार किया गया है।

उन्होंने बताया कि चूरू जिले में 35 हजार 466 पशुपालकों के 1 लाख 23 हजार 374 पशुओं का उपचार किया गया, जबकि चूरू विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 666 पशुपालकों के 36 हजार 549 पशुओं का निशुल्क इलाज किया गया।

उन्होंने बताया कि योजना प्रारंभ होने (24 फरवरी 2024) के समय विभाग का कॉल सेंटर शुरू नहीं हो पाने के कारण विभाग द्वारा गांव-गांव में शिविर आयोजित कर पशुपालकों को लाभान्वित किया गया।

इन शिविरों में इलाज किये गए पशुओं की संख्या भी इन आंकड़ों में शामिल है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर, 2024 को विभाग का कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया तथा 31 दिसंबर, 2024 से यूनिट द्वारा पशुओं का ऑन-कॉल नि:शुल्क उपचार नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है। पशुपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक हरलाल सहारण द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना की सफलता एवं प्रदेश की विशाल भौगोलिक स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय पशुपालन मंत्री से प्रदेश में मोबाइल यूनिटों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

कुमावत ने बताया कि यह योजना केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रदेश में 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स संचालित हैं। इन मोबाइल वाहनों की शत-प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जबकि इनके संचालन के लिए बजट व्यवस्था 60 प्रतिशत केंद्र सरकार एवं 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है।

### देशभर में विरोध दिवस मनाएगा भारतीय मजदूर संघ

**जयपुर ।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) 25 फरवरी को देशव्यापी विरोध दिवस मनाएगा। पुरी में आयोजित संगठन के 21 वें अखिल भारतीय अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार बीएमएस की सभी इकाइयों जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र और राज्य सरकारों से श्रमिकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग करेंगी।

बीएमएस के प्रचार मंत्री अक्षय कुमार मीणा ने बताया कि श्रमिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे समय-समय पर सरकार के सामने रखे गए, लेकिन अब तक अपेक्षित सकारात्मक और ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों मिड-डे मील और आशा कार्यकर्ता बहुत कम मानदेय पर काम कर रही हैं। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगभग पाँच दशकों की सेवा के बावजूद 'योजना कर्मी' का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक कार्य लिया जा रहा है और लगातार नई जिम्मेदारियां भी दी जा रही हैं।

# एसीबी ने बीते 3 माह में 149 आरोपी गिरफ्तार किए

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान राज्य के विभिन्न विभागों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। पिछली तिमाही में ब्यूरो ने कई बड़े मामलों का खुलासा करते हुए बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के अनुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए कई प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में व्यापक जांच और ट्रैप कार्रवाई की गई।

आंकड़ों के अनुसार पिछली तिमाही में एसीबी ने कुल 111 प्रकरण दर्ज कर 149 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 68 ट्रैप कार्रवाई, 19 रिश्वत मांग के मामले, 8 आय से अधिक संपत्ति और 16 पद के दुरुपयोग से जुड़े प्रकरण शामिल हैं।

एसीबी महानिदेशक के अनुसार 8 जनवरी 2026 को परिवहन विभाग से जुड़े प्रकरण में अधिकारियों-कर्मचारियों और निजी दलालों के 11 ठिकानों पर आकस्मिक तलाशी ली गई।

9 जनवरी को झालावाड़ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद गोयल को 84 हजार रुपये कीमत का आईफोन रिश्वत में लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

13 फरवरी को पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में पांच ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई की गई, जिसमें भारी नकदी, जेवरात और अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ।16 फरवरी को नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र सिंह को चार लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। यह राशि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा और डॉ. राकेश कलोरिया के लिए ली जा रही थी। इसके अलावा 17 फरवरी को जल जीवन मिशन मामले में एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए कई वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया। एसीबी ने इससे पहले 20 दिसंबर 2025 को अजमेर इकाई की कार्रवाई में हरियाणा के सिरसा साइबर क्राइम थाने के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों को छह लाख रुपये की संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकड़ा था। वहीं 15 दिसंबर 2025 को भीलवाड़ा में एक मेडिकल अधिकारी को 11 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। एसीबी का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ब्यूरो पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है।

### ई.एस.आई.सी. अस्पताल में विशेष सेवा पखवाड़ा शुरू

**जयपुर (कासं)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 75वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जयपुर में सांसद मंजू शर्मा ने 'विशेष सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैंसर रोग संबंधी विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी शुरु किया गया। सांसद मंजू शर्मा ने बीमाकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को निगम की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रिछपाल मीना ने बताया कि अस्पताल के विभिन्न विभागों द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिवारजनों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जटिल रोगों के निदान एवं उपचार के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। डीन राजेश चेटीवाल ने सांसद से चिकित्सा महाविद्यालय के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया । कार्यक्रम के दौरान सांसद मंजू शर्मा ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

### देवस्थान विभाग का कोई मंदिर बीते 2 वर्षों में बंद नहीं : कुमावत

**जयपुर (विसं)।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि देवस्थान विभाग द्वारा 938 मंदिरों को प्रबंधित एवं नियंत्रित किया जाता है। ये सभी राजकीय मंदिर एवं देवालय आमजन के दर्शनों के लिए खुले हैं, गत 2 वर्ष से कोई मंदिर बंद नहीं है। देवस्थान मंत्री कुमावत प्रश्नकाल के दौरान सदस्य श्रीचन्द कृपलानी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा के मांडल में स्थित देवनारायण मंदिर देवस्थान विभाग के अधीन नहीं है। मंदिर को रिसीवरी में लेने के बाद यहां सुरक्षा की दृष्टि से दीवार ऊंची कर गेट पर ताला लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक वाद भीलवाड़ा के न्यायालय में लंबित है, जिसकी प्रथम सुनवाई 16 मई 2024 को हुई है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 मार्च 2026 को होगी। इस प्रकरण में अब तक 16 बार सुनवाई हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण में राज्य सरकार कोर्ट के निर्णय की पालना करेगी।

मंत्री कुमावत ने बताया कि देवस्थान विभाग के अंतर्गत राजकीय प्रत्यक्ष श्रेणी के 390, आत्मनिर्भर श्रेणी के 203 तथा सुपुर्द श्रेणी के 343 मंदिर हैं। इसी प्रकार मंदिर मंडल अधिनियम के अंतर्गत, टेंपल बोर्ड के 2 मंदिर हैं। इन सभी मंदिरों का नियंत्रण, व्यवस्था, जिर्णोद्धार आदि कार्य विभाग द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य मंदिरों में यह कार्य संस्थाओं, ट्रस्ट अथवा स्थानीय निवासियों द्वारा सामूहिक रूप से किए जाते हैं।

इससे पहले विधायक कृपलानी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में देवस्थान मंत्री ने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित ऐसे कोई भी राजकीय मंदिर तथा देवालय नहीं है जो 2 वर्ष से अधिक समय से आमजन के दर्शनों के लिए नहीं खोले गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित कोई भी राजकीय मंदिर/देवालय बंद नहीं है। मंत्री कुमावत ने कहा कि देवस्थान विभाग के अधीन राजकीय मंदिर आमजन के लिए सदैव दर्शनों के लिए निर्धारित समय अनुसार खुले रहते हैं।

# 'मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान में जल संरक्षण के कार्यों को मिली नई गति'

## जिले और शहरी स्थानीय निकाय जल संचयन को दें प्राथमिकता : केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री



केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने मंगलवार को नई दिल्ली से जल संचय-जन भागीदारी-2.0 की प्रगति पर बैठक ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किशनगढ़ एयरपोर्ट से इस बैठक में वर्चुअली जुड़े।

- **वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का द्वितीय चरण प्रदेश में होगा 25 मई से शुरू : मुख्यमंत्री**
- **रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण, मरम्मत कार्यों को दें गति : भजनलाल शर्मा**

**जयपुर (कासं)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत बारिश के पानी की पर्याप्त रिचार्ज कैपेसिटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्थान के सभी जिलों और शहरी स्थानीय निकायों से पानी बचाने के कामों को अधिक से अधिक प्राथमिकता देते हुए जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली से जल संचय-जन भागीदारी-2.0 की प्रगति पर आयोजित वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पाटिल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में की गई पहलों की सराहना करते हुए कहा कि डूंगरपुर जिले में जन सहभागिता के माध्यम से नदी का जल संरक्षण अनुकरणीय पहल है।

### रामजल सेतु योजना राजस्थान के लिए वरदान

पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री के हर गांव, हर खेत में वर्षा जल की एक-एक बूंद को सहेजने के संकल्प से प्रेरित होकर राज्य सरकार प्रदेश को जल संपन्न बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।रामजल सेतुलिंक परियोजना राजस्थान के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए यमुना जल समझौते की डीपीआर का कार्य भी अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किशनगढ़ एयरपोर्ट से वर्चुअली बैठक में जुड़े। उन्होंने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 में शहरी निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सिविल सोसाइटीज और आम जन की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के अन्तर्गत रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण और मरम्मत कार्यों को अपेक्षित गति प्रदान करते हुए सभी जिले निर्धारित समय में लक्ष्यों की प्राप्ति करें।

### जल संचय जन भागीदारी अभियान बना जन-आंदोलन

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य के क्रम में प्रारंभ किया गया जल संचय जन भागीदारी अभियान एक जन-आंदोलन बन चुका है। इस अभियान से वर्षा के एक-एक बूंद जल को सहेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि राजस्थान ने अभियान में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। अभियान के प्रथम चरण(1.0) में हमारा प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा। बाड़मेर एवं भीलवाड़ा जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें केंद्र सरकार ने सराहा और पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा किपानी की महत्ता को राजस्थान से बेहतर कोई भी नहीं समझ सकता है। इसी क्रम मेंराज्य सरकार ने जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में कर्मभूमि से मातृभूमि और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जैसी पहल कर प्रदेशभर में भूजल स्तर में सुधार लाने के साथ ही पारम्परिक जल स्त्रोतों को नया जीवन देने का प्रयास किया है। इन अभियानों के माध्यम से प्रदेशभर में जनचेतना आई है, जिसके आगामी समय में सुखद परिणाम सामने आयेंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत गंगा दशहरा (25 मई) को शुरू करने जा रही है। जो 5 जून को पर्यावरण दिवस तक संचालित होगा। इस अवसर पर डूंगरपुर और भीलवाड़ा जिला कलेक्टर्स ने जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 के अर्न्तगत किये गए प्रगतिरत कार्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोरा, नेशनल वाटर मिशन की अतिरिक्त सचिव मिशन डायरेक्टर अर्चना वर्मा, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के संबंधित अधिकारी सहित जिला कलेक्टर्स, नगर निकाय आयुक्त वीसी के माध्यम से जुड़े।

# सनातनियों को तीर्थराज पुष्कर जाना चाहिए : बालमुकुंदाचार्य

**जयपुर (विसं)।** विधानसभा परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि सबकी अपनी-अपनी आस्था और अपना-अपना विश्वास है। हमें सबका सम्मान करना चाहिए। हमें किसी के विश्वास और आस्था में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। मैं सनातनी हूँ और कहना चाहूंगा कि अजमेर जाएं तो तीर्थराज पुष्कर में स्नान जरूर करें, ब्रह्मा जी मंदिर में दर्शन करें तथा पुण्य कमाएं। उन्होंने कहा कि सनातनियों को समझने की आवश्यकता है, और पृथ्वीराज चौहान को स्मरण करने की आवश्यकता है इतिहास को पढ़ने और जानने की आवश्यकता है और वह स्थान कैसे बना और किनका है यह भी समझने की आवश्यकता है। मेरे इस पूरे वक्तव्य का अगर कोई अध्ययन करेगा तो वह स्वयं ही अपने आप पुष्कर जाना ज्यादा अच्छा समझेगा और सनातनियों के लिए तो तीर्थराज पुष्कर विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि मेरा यह मानना है कि कांग्रेस और कांग्रेस के मित्रों को सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक, धर्म और राम की चर्चा करने वालों से उनको हमेशा आपत्ति रही है, इसमें धर्म गुरुओं को आपत्तिजनक शब्दों में बोलना, राम को काल्पनिक बताना और जब भी अध्यात्म की, सनातन की भारत की संस्कृति की बात आएगी तो कांग्रेस का छोटा बड़ा कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी, वह हमेशा उसके खिलाफ खड़ा रहेगा यह कांग्रेस की रीति नीति है और कांग्रेस का यह स्वभाव है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी उन्होंने पुनर्विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इसे व्यक्तिगत विषय बताया।

# सवाईमाधोपुर बी.डी.ओ. एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## एसीबी की टीम आरोपी बी.डी.ओ. जगदीश प्रसाद मीणा से पूछताछ कर रही है


भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आरोपी बीडीओ जगदीश प्रसाद मीणा को गिरफ्तार किया।।

- परिवादी और उसके दो साथियों को उनकी बीपीएम की नौकरी से कार्यमुक्त नहीं करने और पेण्डिग यात्रा भत्ता व अन्य बिलों को पास करने की एवज में रिश्वत मांगी थी

**सवाईमाधोपुर,** (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर नगर प्रथम, जयपुर ईकाई ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुये जगदीश प्रसाद मीणा ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ), पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबंधक सवाईमाधोपुर को एक लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए. सी.बी. जयपुर नगर प्रथम, जयपुर ईकाई को एक शिकायत इस आशय कि मिली कि जगदीश प्रसाद मीणा ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ), पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबन्धक सवाईमाधोपुर द्वारा परिवादी और उसके दो साथियों को उनकी बीपीएम की नौकरी से कार्यमुक्त नहीं करने और पेण्डिग यात्रा भत्ता व अन्य बिलों को पास करने की ऐवज में तीनों से एक-एक लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग की जाकर परिवादी को परेशान किया जा रहा है और दोनों साथियों की रिश्वत राशि भी परिवादी को ही इक्ट्ठा करके लाकर देने के लिए दबाव बना रहा है। जिस पर आनन्द शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस द्वितीय के सुपरविजन में भूपेन्द्र, अति. पुलिस अधीक्षक, ए.सी.बी. जयपुर नगर प्रथम, जयपुर के नेतृत्व में उक्त शिकायत का सत्यापन सही पाये जाने पर मंगलवार को मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुये जगदीश प्रसाद मीणा हाल निवास मकान नं. 221, विवेकानन्द नगर, कोटा हाल ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ), पंचायत समिति सवाईमाधोपुर अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबन्धक सवाईमाधोपुर को परिवादी से एक लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में एवं एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में आरोपी जगदीश प्रसाद मीणा से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल से भीलवाड़ा में भी यात्री परेशान रहे



निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल से भीलवाड़ा में बसें नहीं चली।

- भीलवाड़ा जिले में करीब 1800 निजी बसों के पहिए थमने से चार लाख से अधिक यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। निजी बस ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले ही दिन जिले की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। जिलेभर में करीब 1800 निजी बसों के पहिए थमने से चार लाख से अधिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल ग्रामीण क्षेत्रों का रहा, जहां रोडवेज बसों की पहुंच कम है। ब्यावर और कपासन मार्ग पर सबसे ज्यादा हाहाकार देखने को मिला। हड़ताल का असर सुबह से ही बस स्टैंडों पर दिखने लगा। ब्यावर रूट पर चलने वाली सभी 55 बसें बंद रही, जिससे यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। कपासन रूट पर 12 और रायपुर वाया बागौर रूट पर 10 बसें नहीं चली। भीम वाया करेड़ा (2 बसें), बस्सी वाया मंगरोप (5 बसें) और रावतभाटा वाया हलेड़ (3 बसें) पूरी तरह ठप रहीं। निजी बसों के बंद होने से सरकारी रोडवेज बसों में यात्रियों का भारी दबाव बढ़ गया। बसों की छतों और पायदानों पर लटककर यात्री सफर करने को मजबूर दिखे। आसींद उपखंड में तो स्थिति और भी विकट रही। सोमवार मध्यरात्रि से ही आसींद-जयपुर, आसींद-उदयपुर और जोधपुर जैसे लंबे रूटों पर बसों का आवागमन बंद रहा।

निजी बस एसोसिएशन के सदस्य देवेंद्र सिंह राठौड़ ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार मांगें नहीं मानती, यह संघर्ष जारी रहेगा। आसींद और बदनोर के स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन क्षेत्रों में स्थाई तौर पर रोडवेज डिपो या पर्याप्त बसें शुरू की जाएं, ताकि निजी ऑपरेटरों की मनमानी के कारण जनता को बंधक न बनना पड़े।

# कलैक्टर खड़गावत का राजकीय विद्यालयों को पट्टा देने वाला नवाचार प्रदेश में लागू होगा


डीडवाना-कुचामन कलैक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत।

- राज्य सरकार ने डीडवाना-कुचामन जिले के जिला कलैक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के नवाचार को पूरे राज्य में लागू करने का निर्णय लिया
- मुख्य सचिव ने सभी जिला कलैक्टर को पत्र लिखकर अपने-अपने जिलों में इसी तर्ज पर अभियान चलाकर सरकारी शिक्षण संस्थानों को पट्टे जारी करने के निर्देश प्रदान किये

**डीडवाना,** (निसं)। राज्य सरकार ने डीडवाना-कुचामन जिले के जिला कलैक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के एक और नवाचार को पूरे राज्य में लागू करने का निर्णय लिया है। इस नवाचार के तहत जिले के सरकारी स्कूलों को उनकी अपनी जमीन के कानूनी मालिकाना हक (पट्टा) देने का अभियान चलाया गया था।

जिला कलैक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में डीडवाना-कुचामन जिले में प्रशासन ने एक विशेष अभियान चलाकर 1,000 से अधिक राजकीय विद्यालयों को भूमि पट्टे वितरित किए थे। इस पहल की सराहना राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने भी की थी। जिला कलैक्टर डॉ. खड़गावत के इस नवाचार से राजकीय विद्यालयों की भूमि को कानूनी सुरक्षा और पट्टा मिलने से विद्यालयों की भूमि को अतिक्रमण से बचाव के साथ ही विद्यालयों के बुनियादी ढांचे का विकास में किसी प्रकार की रुकावट नहीं होगी और मालिकाना हक होने पर विद्यालय भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, खेल मैदान और शौचालय जैसी सुविधाओं के लिए सरकारी बजट का आसानी से उपयोग कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त विकास कार्यों में आसानी होगी एवं जमीन का पट्टा न होने के कारण कई बार विकास कार्यों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तकनीकी बाधाएं आती थी, जो अब दूर हो जाएंगी। अभियान के इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने सभी जिलों में ऐसा अभियान चलाने के निर्देश दिये है।

जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ- साथ पूरे जिले के लिए भी प्रसन्नता की बात है कि हमारे जिले के नवाचार को राज्य स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने सभी जिला कलैक्टर को पत्र लिखकर अपने-अपने जिलों में इसी तर्ज पर अभियान चलाकर सरकारी शिक्षण संस्थानों को पट्टे जारी करने के निर्देश प्रदान किये हैं। यह कदम राजस्थान में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत आधार साबित होगा।

जिला कलैक्टर डॉ खड़गावत ने बताया कि पूर्व में भी राज्य सरकार ने जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाये गए "सेफ आई-सेफ हाइवे" और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दृष्टि दोष से बचाने के लिए "सेफ आई-सेफ फ्यूचर" जैसे नवाचारों को राज्य स्तर पर क्रियान्वित करने का निर्णय किया गया था और अब राजकीय विद्यालयों को पट्टा देने के अभियान को भी राज्यव्यापी बनाने का निर्णय किया है।

# वैन में गैस रिफिलिंग करते समय आग लगी


आग लगने से वैन पूरी तरह से जल गई।

- दो दमकलों ने आग पर काबू पाया, कोई जनहानि नहीं हुई

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर इलाके के रंगबाड़ी क्षेत्र के बालाजी मार्केट में एक वैन में मंगलवार को अचानक से आग लगने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वैन में आग अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर से वैन के सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते समय लगी थी। वहीं घटनास्थल से मात्र 50 मीटर दूर पेट्रोल पंप भी था। आग की चपेट में आने से वैन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वैन में आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो दमकलें मौके पर पहुंची और वैन में लगी आग पर काबू पाया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से एक वैन में आग लगने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल श्रीनाथपुरम् अग्निशमन केंद्र से दमकलें मौके पर भेजी गई। वैन में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप ले लिया। वैन में लगी आग पर जब तक काबू पाया गया वैन जलकर खाक हो गई।

अग्निशमन टीम के दमकलकर्मी नरेंद्र नागर ने बताया कि जिस वैन में आग लगी थी उस वैन में गैस सिलेंडर एलपीजी का लगा हुआ था। वैन में अवैध रूप से गैस भरते समय आग लग गई, आग लगते ही अवैध रिफिलिंग कर रहा व्यक्ति और वैन चालक दुकान छोड़ भाग गये। नरेन्द्र नागर ने बताया कि गनीमत रही कि वैन व जिस सिलेंडर से रिफिलिंग की जा रही थी, दोनों में विस्फोट नहीं हुआ। घटनास्थल से 50 मीटर दूरी पर पेटोल पम्प भी था, वैन में लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# डूंगरपुर में डकैती की योजना बनाते चार आरोपी गिरफ्तार

## एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया

- एक आरोपी के खिलाफ 17 मामले राजस्थान व गुजरात में दर्ज हैं

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा पुलिस ने अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हाइवे पर राहगीरों व वाहनधारियों से लूटपाट करने की योजना बनाते हुए हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे होने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर रात्रि को चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और उसमें से एक आरोपी के खिलाफ तो 17 मामले राजस्थान व गुजरात में दर्ज हैं।

बिछीवाड़ा थाना प्रभारी कैलाश सोनी ने बताया कि बिछीवाड़ा-खेरवाडा मार्ग पर बारौठी व आमझरा के बीच एक होटल के सामने ब्रिज के पास डकैती की योजना बनाते हुए आरोपियों के होने की सूचना मिली, जिनके पास हथियार भी होने का अंदेशा था। जिस पर बिछीवाड़ा पुलिस ने पूरी रैकी के बाद मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि युवक जिनके पास हथियार व दो बाइक थी वारदात की फिराक में थे।

पुलिस ने घेरा डालकर अपनी कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने चार को तो धरदबोचा, लेकिन एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भागने में सफल रहा, जिसकी पहचान भूपेंद्र उर्फ पप्पू काउवा दुहा निवासी बीजुडा के रुप में हुई। जिसके खिलाफ 17 प्रकरण अब तक दर्ज है। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में सुनील पुत्र खातू बराडा निवासी कनबई थाना पाटिया जिला उदयपुर, चुन्नीलाल उर्फ सुनील पुत्र कावाराम बोडात निवासी सरेरा थाना पहाड़ा जिला उदयपुर, संजय पुत्र जीवाजी दुहा मीणा निवासी बीजुड़ा थाना बिछीवाड़ा, रमेश पुत्र शांतिलाल निवासी बीजुड़ा थाना बिछीवाड़ा को गिरफ्तार किया, जिनके पास से मिर्च पाउडर के पैकेट भी मिले हैं तथा दो पावरबाइक बरामद की। इधर जिला पुलिस अधीक्षक ने बिछीवाड़ा पुलिस की इस सफलता पर पुरस्कार देने की घोषणा की।

## वृद्धा से लूट

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में बेखौफ लुटेरों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के सिदड़ियास गांव का है, जहां लुटेरों ने एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को निशाना बनाकर उनके नाक की सोने की नथ लूट ली। इस वारदात के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

पीड़ित महिला चांदू देवी के पुत्र देवबक्ष गाडरी ने बताया कि लुटेरों ने पूरी योजना के साथ घर में प्रवेश किया। बदमाशों ने सबसे पहले लकड़ी की बल्ली (सीढ़ी) के सहारे घर की छत पर चढ़ाई की। वारदात के दौरान कोई शोर न मचा सके या बाधा न आए, इसके लिए बदमाशों ने कमरे में सो रहे देवबक्ष के दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी। बदमाशों ने मकान के बरामदे में सो रही चांदू देवी को अकेला पाकर हमला बोल दिया। लुटेरों ने उनके नाक में पहनी करीब 12 ग्राम वजन की सोने की नथ झपट ली। अचानक हुए इस हमले और दर्द से बुजुर्ग महिला चीख पड़ी। जब तक परिजन बाहर आने की कोशिश करते, लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो चुके थे।

# उदयपुर : अभिनेता विजय और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की शादी की रस्में शुरु

- रश्मिका ने प्री.वेडिंग डिनर के फोटो शेयर किए, विजय ने शादी से पहले पूल पार्टी की

**उदयपुर,** (कासं)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता विजय देवरकोंडा और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की शादी की रस्में मंगलवार से शुरू हो गई है। शादी 26 फरवरी को होगी। उदयपुर के होटल श्मोमेंटोस एकायाश् में दूल्हा और दुल्हन के परिवार के अलावा मेहमान पहुंच चुके हैं। सोमवार शाम को विजय ने प्री.वेडिंग पार्टी की थी। विजय ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पूल पार्टी की दो फोटो शेयर की। पूल में व्हाइट बीयर पोंग राफ्ट और वॉलीबॉल नेट दिख रहे हैं। विजय ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ पूल में वॉलीबॉल खेला। वहीं रश्मिका ने भी प्री. वेडिंग डिनर की फोटो शेयर की है। डिनर टेबल पर पिंक-ग्रीन थीम पर पिंक ट्यूलिप्स और सफेद फूलों से सजावट है। ग्रीन सेब और अंगूर भी रखे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को हल्दी की रस्म हुई। विजय-रश्मिका ने येलो आउटफिट पहना है। हल्दी वेन्यू को भी येलो थीम पर सजाया गया है। सोशल मीडिया पर फैंस भी इनकी शादी को लेकर काफी क्रेजी हैं। विजय-रश्मिका अपने परिवार के साथ 23 फरवरी की सुबह होटल पहुंच गए थे। वेडिंग को लेकर होटल के बाहर से लेकर अंदर तक सुरक्षा की कडी व्यवस्था की गई है। दोनों परिवार के करीब 200 मेहमान शादी में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। होटल स्टाफ से लेकर गेस्ट शादी की फोटो और रिकॉर्डिंग न कर सकें इसके लिए मोबाइल कैमरे पर खास तरह का टैप लगाया गया है। कैमरा और अन्य रिकॉर्डिंग डिवाइज भी अलाउ नहीं है।

दूल्हा साउथ स्टार विजय देवरकोंडा फिल्मी बैकग्राउंड से आते है। उनके पिता पिता देवरकोंडा गोवर्धन साउथ सिनेमा के एक मशहूर डायरेक्टर और प्रोड्यूसर हैं। उन्होंने अपने बेटे के साथ मिलकर 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पक विमानम् को प्रोड्यूस किया था। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी शोज का निर्देशन किया है। मां का नाम माधवी देवरकोंडा और छोटे भाई का नाम आनंद देवरकोंडा है। आनंद भी तेलुगु सिनेमा के उभरते सितारों में से हैं। वहीं रश्मिका नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से है। रश्मिका के पिता मदन मंदाना बिजनेसमैन हैं। रश्मिका ने फिल्म गुडबाय से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। एनिमल,छावा, पुष्पा और ब्लॉकबस्ब्र मूवी में काम किया है। विजय और रश्मिका की शादी से एक बार फिर उदयपुर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आ गया है।

# अलवर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया

**अलवर,** (निसं)। अलवर में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा अभियान चलाया गया। टेल्को चौराहे से जसवंत नगर पुल तक पीडब्ल्यूडी और रिडकोर टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बुलडोजर से की। इस दौरान दुकानों के आगे बने अवैध टीनशेड और पट्टियां जेसीबी से हटाकर सड़क किनारे की जमीन को समतल किया गया।

जानकारी के अनुसार डिवाइडर से दोनों ओर 75-75 फीट तक सड़क विभाग की जमीन है। यहां अतिक्रमण होने से सड़क संकरी हो गई थी। इस पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे कार्रवाई की गई। इस मौके पर सदर थाना पुलिस भी मौजूद थी। टेल्को चौराहे पर दो जेसीबी और मलबा भरने के लिए ट्रैक्टर मंगलवार सुबह से ही तैनात कर दिए गए थे। अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस जाब्ता भी मौके पर मौजूद रहा।

# फर्जी काल सेंटर चलाकर ठगी करने वाली गैंग पकड़ी

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी काल सेंटर चलाकर अमेरिकी लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करने वाली युवती सहित बारह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो लेपटॉप, 14 मोबाइल व दो वाहन जब्त किए हैं।

एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त एसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह, डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रमसिंह मय टीम ने मुखबर से मिली सूचना के आधार पर एक होटल में सनसेट एडवेंचर नामक कंपनी के 10-12 व्यक्तियों द्वारा अमेरिका के नागरिकों को इंटरनेट कॉल व मैसेज कर उनको एप्पल कम्पनी के प्रोडक्टस पर अतिरिक्त चार्ज लगने का बता कर रिफण्ड दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर डॉलर में रूपये प्राप्त कर रहे हैं। इस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर दबीश देकर शाहरूख मोहम्मद शेख पुत्र मोहम्मद शरीफ मंशुरी शेख, चेतनसिंह सिकरवा, करण कुमार मीणा, मिलन पुत्र विपिन जोशी, प्रवीण कुमार पुत्र तुलछाराम मीणा, आलोक अचुमि पुत्र अतोबी, जुसवा अलेक्टजेण्डर पुत्र जेलिडा ढाकर, दीपक थापा पुत्र सुनिल कुमार, रोमियो स्टेन पुत्र अलबिलिंग संदाप खांसी, शेमलाद रोगरिन पुत्र रेलिना रोगरिन डांग, अनुशा पुत्री हरिनारायण डींगडोग खांसी, सुरेश पुत्र सिबु बंसल नेपाली को गिरफ्तार कर मौके से लेपटॉप, मोबाइल व दो वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। शाहरूख मंशूरी नामक मुख्य सरगना अमेरिकन व्यक्तियों की निजी जानकारी प्राप्त कर खुद को एप्पल कम्पनी का कर्मचारी होना बताकर अमेरिकन नागरिकों को उनकी कम्पनी के खरीदने जाने वाले सामान पर ज्यादा चार्ज लगाने का बताकर उनको अपने द्वारा भेजे गये लिंक पर जाने के लिए बोलते हैं। जिससे ये लोग अमेरिकन से अतिरिक्त चार्ज का रिफण्ड दिलने के नाम पर डॉलर में रूपये प्राप्त कर धोखाधड़ी करते हैं।

# जेईई मेन 2026 के जनवरी सेशन के पेपर-2 का परिणाम जारी

## बी प्लानिंग में जनरल कैटेगरी में राजस्थान के अर्णव शुक्ला टॉपर रहे

- बैचलर ऑफ आर्किटेक्ट और बैचलर का प्लानिंग का परिणाम जारी किया गया, इस परीक्षा में केरल के रहने वाले सूर्यतेजुस एस 100 परसेंटाइल लाकर बीआर्क में टॉपर रहे, जबकि बी प्लानिंग में भी केरल के ही गौरीशंकर वी टॉपर रहे
- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परिणाम जारी करने के कुछ देर पहले ही फाईनल आंसर की भी जारी कर दी थी, जिसमें फाईनल आंसर की में एप्टीट्यूड टेस्ट में 38वें प्रश्न को ड्रॉप किया गया

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन-2026 के जनवरी सेशन के पेपर-2 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया है। इसमें बैचलर ऑफ आर्किटेक्ट और बैचलर का प्लानिंग का परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा में केरल के रहने वाले सूर्यतेजुस एस 100 परसेंटाइल लाकर बीआर्क में टॉपर रहे, जबकि बी प्लानिंग में भी केरल के ही गौरीशंकर वी टॉपर रहे। उनके भी हंड्रेड परसेंटाइल अंक आए हैं। इसी तरह से बी आर्क में फीमेल टॉपर तमिलनाडु की निवन्दथि वेंकटेश और बी प्लानिंग में केरल की एंजेल एम फैबिन टॉपर घोषित की गई हैं। एनटीए ने बीआर्क में 39 और बी प्लानिंग में 41 स्टेट टॉपर्स की घोषणा की है। एजूकेशन एक्सपर्ट के अनुसार बीआर्क में जनरल कैटेगरी में महाराष्ट्र के सारा शकील अख्तर बोहरी टॉपर रही हैं। ईडब्ल्यूएस में आंध्रप्रदेश के ससंपुरी तोषिणी, ओबीसी में केरल के सूर्यतेजुस, एसी में बिहार के निखिल आनंद और एसटी में लक्षद्वीप के आदिल सीएन टॉप पर घोषित किए गए हैं। इसी तरह से बी प्लानिंग में जनरल कैटेगरी में राजस्थान के अर्णव शुक्ला, ईडब्ल्यूएस में कर्नाटक के नागदेव एमजी, ओबीसी में केरल के गौरीशंकर, एसी में गुजरात के परमार मृगणश हरिश्चंद्र व एसटी में आंध्र प्रदेश के कुंभा जीवन साईं राम टॉपर घोषित किए गए हैं।

इसी तरह से फिजिकली हैंडिकैप्ड कैटेगरी में बिहार की रूक्षणी कुमारी बीआर्क व आंध्र प्रदेश के बलगम आदित्य वीर विजय भार्गव बी प्लानिंग की टॉपर घोषित हुई हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के जारी किए गए आंकड़े के अनुसार बीआर्क की परीक्षा में 64786 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें उपस्थित का प्रतिशत 70.16 यानी 45452 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं बी प्लानिंग की परीक्षा में 32366 ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 65.09 फीसदी यानी 21067 ने एग्जाम दिया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परिणाम जारी करने के कुछ देर पहले ही फाईनल आंसर की भी जारी कर दी थी, जिसमें फाईनल आंसर की में एप्टीट्यूड टेस्ट में 38वें प्रश्न को ड्रॉप किया गया, जबकि एप्टीट्यूड टेस्ट में नंबर 6 में 2 उत्तरों को सही माना गया।

# छात्रा की हत्या के मामले में भीलवाड़ा में आक्रोश

- जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों को फांसी की सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बीकानेर जिले के बज्जू के गांव में 13 वर्षीय मासूम छात्रा के साथ हुई अमानवीय घटना और हत्या के विरोध में पूरे प्रदेश में रोष व्याप्त है। मंगलवार को भीलवाड़ा के एक समाज ने जिला कलैक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों को फांसी की सजा देने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कक्षा 8वीं की छात्रा परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। बाद में उसका अर्धनग्न शव थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर मिला। इतनी नजदीक हुई इस जघन्य वारदात ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। समाज ने हत्याकांड और दुष्कर्म में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द चिह्नित कर पकड़ने, मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाये जाने और अपराधियों को फांसी की सजा, थाने के इतने करीब वारदात होने के बावजूद सुरक्षा में चूक करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय जांच और कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा दिये जाने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया और बेटी को जल्द न्याय नहीं मिला, तो समाज भविष्य में कड़ा रुख अपनाने को मजबूर होगा। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



गाबा टेस्ट में आउट होने पर माना है कि मुझसे गलती हो गई थी। मैच के 22 साल बाद आज भी लोग मुझसे इसके बारे में सवाल करते हैं।

-स्टीव बकनर

पूर्व अंपायर, सचिन को गलत आउट देने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ सचिन तेंदुलकर



**मास्टर ब्लास्टर** सचिन तेंदुलकर ने 16 साल पहले आज ही के दिन इतिहास रचा था। 24 फरवरी 2010 को ग्वालियर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सचिन वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इस ऐतिहासिक पारी में सचिन ने 147 गेंदों का सामना करते हुए 25 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 200 रन बनाए। यह वनडे इतिहास का पहला ही दोहरा शतक था। वनडे क्रिकेट में सचिन से पहले 2 बैटर्स 194 तक पहुंचे थे। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अनवर ने 1997 में भारत के खिलाफ चेन्नई में ही 194 रन बनाए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...1वीं सदी में भारत का टेस्ट में 44 सफलता रेट रहा है, जो इसे दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक बनाता है।**

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

### श्रीलंका व न्यूजीलैंड के बीच शाम 7 बजे

## अंडर 23 सीके नायडू ट्रॉफी राजस्थान - छत्तीसगढ़ क्वाटर फाइनल मैच ड्रा

जयपुर 24 फरवरी। रायपुर में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी के खेले जा रहे राजस्थान - छत्तीसगढ़ क्वाटर फाइनल मैच आज अंतिम दिन ड्रा समाप्त , छत्तीसगढ़ को पहली पारी में बढ़त। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर राजस्थान- छत्तीसगढ़ टीमों के मध्य खेले जा रहे।

## इंग्लैंड टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम:पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया

कैंडी, 24 फरवरी। इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने मंगलवार को पाकिस्तान पर 2 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीता है। इसी के साथ इंग्लैंड टॉप-4 में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी।

कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने 165 रन का टारगेट 19.1 ओवर में 8 विकेट पर चेज कर लिया। जोफ्रा आर्चर ने चौका मारकर जीत दिलाई। कप्तान हैरी ब्रूक ने 100 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने नाबाद 28 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने 4 विकेट झटके। उस्मान तारिक को दो विकेट मिले।

ओपनर साहिबजादा फरहान ने 63 रनों की पारी खेली। जबकि बाबर आजम और फखर जमान ने 25-25 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने 3 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और जैमी ओवरटन को 2-2 विकेट मिले। आदिल रशीद को एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुए।



10वें ओवर की पहली बॉल पर हैरी ब्रूक ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 28 बॉल पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में पहली हाफ सेंचुरी पूरी की है।

## ब्रिस्बेन वनडे में भारत की करारी हार, स्मृति मंधाना का अर्धशतक गया बेकार

ब्रिस्बेन , 24 फरवरी। मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले गए वनडे द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज में 1-2 से हार के बाद इस मैच में उतरी थी। उन्होंने मेहमान टीम को 214 रनों पर रोककर 215 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए, कप्तान हीली ने फोएबे लिचफील्ड (32 गेंदों में 32 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। श्री चरानी ने 11वें ओवर में अपनी टीम को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने इसी ओवर में जॉर्जिया वोल को भी आउट किया। आउट होने वाली कप्तान हीली ने 70 गेंदों में 50 रन बनाए। उन्होंने बेथ मूनी (79 गेंदों में 76 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (44 गेंदों पर 48 रन नाबाद) और गार्डनर (4 गेंदों पर 5 रन नाबाद) नाबाद रहीं और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से जीत हासिल कर ली। मैच जिताने वाली इस शानदार पारी के लिए मूनी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## सुपर 8 का महासंग्रामः भारत के लिए 'करो या मरो', एक और हार टूर्नामेंट से बाहर कर देगी

नई दिल्ली, 24 फरवरी। टी20 विश्व कप के सुपर 8 में सेमीफाइनल की दौड़ रोमांचक हो गई है, जहाँ ग्रुप 1 में दक्षिण अफ्रीका से हारकर भारत की राह मुश्किल हो गई है। अब नॉकआउट में जगह बनाने के लिए भारत को अपने बाकी मैच जीतने होंगे, जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका मजबूत स्थिति में हैं। शानदार ग्रुप स्टेज के बाद, आठ टीमें - भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे और पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के खिताब के लिए आपस में भिड़ रही हैं। सुपर 8 चरण को दो समूहों में बांटा गया है, जिनमें से प्रत्येक समूह से केवल शीर्ष दो टीमें ही सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। मौजूदा चैंपियन भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे ग्रुप 1 में हैं, जबकि ग्रुप 2 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं।

अगर भारत वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा देता है, तो उसके चार पॉइंट्स हो जाएंगे। अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है, तो इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेंगे। इंडिया दोनों मैच जीत जाता है और साउथ अफ्रीका अपना एक मैच हार जाता है, तो तीन टीमें चार पॉइंट्स पर बराबर हो सकती हैं। उस मामले में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट से तय होगा। इंडिया अपने दोनों मैच जीत जाती है और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मुकाबले हार जाता है, तो इंडिया और वेस्टइंडीज सेमीफीइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे। केवल एक जीत से भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस ना के बराबर हो जाएंगे, चाहे बाकी परिस्थितियां कैसी भी हों।

## टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

नई दिल्ली, 24 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज ने सोमवार को जिम्बाब्वे पर 107 रन की जीत दर्ज की। मुंबई के वनखड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई।19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था। जो 2014 में आयरलैंड और नीदरलैंड के मैच में बना था। यह मैच सिलहट में खेला गया था। इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। जिम्बाब्वे के खिलाफ शिमरोन हेटमायर ने 19 गेंद पर फिफ्टी लगाई। यह टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज की ओर से सबसे तेज फिफ्टी है। वे इसी एडीशन में स्कॉटलैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में 22 गेंदों पर फिफ्टी बना चुके हैं। हेटमायर से पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलंबो में 23 बॉल पर अर्धशतक लगाया था। जिम्बाब्वे के ब्रैडली इवांस और रिचर्ड नगारवा ने इस मैच में आखिरी विकेट के लिए 19 बॉल पर 44 रन की साझेदारी की।

# मार्शल जैसा खौफ नहीं भारतीय गेंदबाजों में - शोएब अख्तर

नई दिल्ली, 24 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से हार गया। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय गेंदबाजी की आलोचना की। शोएब ने कुलदीप को प्लेइंग-11 में रखने का सुझाव दिया है।

मैल्कम मार्शल वेस्टइंडीज के गेंदबाज थे, जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे। 1970 और 80 के दशक में जब वेस्टइंडीज क्रिकेट की दुनिया पर राज करता था, तब मार्शल उनके सबसे खतरनाक हथियार थे। वे खतरनाक बाउंसर मारने के लिए जाने जाते थे। कई दिग्गज बल्लेबाजों की नाक और जबड़े उनकी गेंदों से टूटे थे।

अख्तर ने कहा कि हार्दिक और शिवम दुबे 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। वे कोई मैल्कम मार्शल नहीं हैं, जो साउथ अफ्रीका जैसी टीम को डरा



सकें। अगर आप डेथ ओवर्स में उनसे गेंदबाजी कराएंगे तो अफ्रीकी बल्लेबाजों का ऐसा पलटवार होना तय था।

अख्तर ने कहा कि भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियां उजागर हुईं अख्तर का मानना है कि इस हार ने भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत बैटिंग लाइन-अप के सामने भारतीय गेंदबाज पूरी तरह बेअसर नजर आए। खासकर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की गेंदबाजी को उन्होंने बिना धार वाली बताया। दोनों ऑलराउंडर्स ने मिलकर 6 ओवरों में 77 रन खर्च किए और केवल एक विकेट हासिल किया।

अख्तर ने कहा, इस टीम में कुलदीप यादव की कमी खल रही है। वे ऐसे गेंदबाज हैं जो हवा में बल्लेबाजों को धोखा दे सकते हैं और जरूरत पड़ने पर विकेट निकाल सकते हैं। वे एक मैच विनर खिलाड़ी हैं और उन्हें बाहर रखना समझ से परे है।

अख्तर ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, वरुण अपनी सामान्य लय में नहीं दिखे। वरुण की ताकत 97-98 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डालना है, लेकिन इस मैच में वे 94 की स्पीड पर आ गए थे।

जब वे अटैक पर आए तो डेवाल्ड ब्रेविस ने उन्हें सिक्स जड़ दिया। इससे साफ है कि गेंदबाज दबाव में थे।

भारतीय गेंदबाजी में सुधार के लिए अख्तर ने एक बड़ा सुझाव दिया है। उन्होंने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को प्लेइंग-इलेवन में शामिल करने की वकालत की।

## आईसीसी ने जारी किया महिला टी20 विश्व कप 2026 का , एक ही ग्रुप में भारत और पाकिस्तान

नई दिल्ली, 24 फरवरी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया, जिसमें सभी 12 प्रतिभागी टीमों की जानकारी दी गई है। मेजबान इंग्लैंड 12 जून को उद्घाटन मैच में श्रीलंका से भिड़ेगा। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण 12 जून से 5 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 12 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी प्रतिभागी संख्या है। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स ने पिछले महीने नेपाल में हुए आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई किया और टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। क्वालीफाइंग टीमें अब मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड (2009 में पहले संस्करण की मेजबान और विजेता), इंग्लैंड (2016 की विजेता), वेस्ट इंडीज, मौजूदा वनडे विश्व कप विजेता भारत और छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गई हैं।

मेज़बान इंग्लैंड 12 जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका से भिड़ेगा, जबकि आयरलैंड और स्कॉटलैंड 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में एक यूरोपीय मुकाबले में आमने-सामने होंगे। 20 जून को हेडिंगली में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच होने वाला मैच आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में इंग्लैंड की धरती पर पहली बार होगा। आयरलैंड और स्कॉटलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है, जिसमें इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज भी शामिल हैं।

वहीं, ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड शामिल हैं।

नीदरलैंड आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच खेलेगी और क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में अपराजित रही बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। कई महत्वपूर्ण मुकाबले हैं, जिनमें ग्रुप 1 में 14 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला रोमांचक मुकाबला शामिल है।

ग्रुप 2 में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश भी हैं, जहां बांग्लादेश क्वालीफायर में दुनिया की कुछ सबसे मजबूत टीमों के खिलाफ अपनी अजेय बढ़त को बरकरार रखने का लक्ष्य रखेगा।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष स.0294-2414165, 2421255, 2420013 Helpline no. 0294 2426262 ई.मेल commudr@gmail.com, garage.umc21@gmail.com

क्रमांकः- गैराज/ननिउ/2025-26/1751 दिनांक :- 18.02.2026

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 22/2025-2026**

नगर निगम के विभिन्न कार्यो हेतु ट्रेक्टर मय वाटर टेंकर एक वर्ष के लिए उपलब्ध कराने का कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 25.00 लाख रू. है। बिड से संबंधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 19.02.2026 , अंतिम तिथि 26.02.2026 एवं निविदा खुलने की तिथि 27.02.2026 है।

UBN No. UNP2526GLRC00155

अधिशाषी अभियन्ता (यांत्रिक) नगर निगम उदयपुर — आयुक्त नगर निगम उदयपुर

राज.संवाद/सी/25/21138


## एफआईएच पुरुष प्रो लीगः आखिरी मिनट में चूकी भारतीय हॉकी

नई दिल्ली, 24 फरवरी। टीम, शूटआउट में स्पेन से मिली हार भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया। स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया।

## टी20 विश्व कप में खतरनाक है वेस्ट इंडीज की टीम

# उन्हें जीत का मंत्र पता है- अनिल कुंबले

नई दिल्ली, 24 फरवरी। अनिल कुंबले ने टी20 विश्व कप में वेस्ट इंडीज की रणनीतिक जीत की सराहना करते हुए शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल की विस्फोटक बल्लेबाजी को सराहा है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारतीय टीम को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए जिम्बाब्वे और वेस्ट इंडीज के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज कर नेट रन रेट सुधारने की सलाह दी। वेस्ट इंडीज ने सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे पर 107 रनों की शानदार जीत के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपना अजेय क्रम जारी



रखा। जियोहॉटस्टार पर बातचीत करते हुए अनिल कुंबले ने विपक्षी टीम के खिलाफ वेस्ट इंडीज की रणनीति के बारे में बताया और साथ ही टूर्नामेंट से पहले भारत की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। वेस्ट इंडीज के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कुंबले ने कहा कि वेस्ट इंडीज को पता है कि टूर्नामेंट के इस चरण में जीत हासिल करने के लिए क्या करना पड़ता है। बाएं हाथ के स्पिनरों का प्रदर्शन शानदार रहा। गुडाकेश मोती ने बेहतरीन गेंदबाजी की। इस प्रारूप में, फिंगर स्पिनर अक्सर बल्लेबाजों के हिटिंग आर्क से दूर रहने की कोशिश करते हैं, लेकिन मोती और अकेल हुसैन अलग थे। भारत ने सुपर एट का अपना पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार लिया है और अब सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अगले दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। मौजूदा चैंपियन इस टूर्नामेंट में और हार बर्दाश्त नहीं कर सकते। टूर्नामेंट में भारत के भविष्य के बारे में बात करते हुए कुंबले ने कहा कि इस चरण में हर मैच महत्वपूर्ण है।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल- पहले दिन जम्मू-कश्मीर का स्कोर 284/2

नई दिल्ली, 24 फरवरी। रणजी ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बीच हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने मजबूत शुरुआत करते हुए 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए। शुभम पुंदीर 117 और अब्दुल समद 52 रन नॉटआउट लौटे। कर्नाटक के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों विकेट लिए। शुभम पुंदीर ने पहले दिन नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 221 गेंद पर 12 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 117 रन बनाए। शुभम ने यावर हसन के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। कप्तान पारस डोगरा 9 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। दिन का आखिरी सेशन पूरी तरह जम्मू-कश्मीर के नाम रहा। शुभम और अब्दुल समद ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 105 रन जोड़े। अब्दुल समद ने दिन का खेल खत्म होने से पहले अपना अर्धशतक किया।


**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

Phone No-(07459) 220016 Email- rmangarpalika@gmail.com

क्रमांक : न.पा.रा./2026/6082 दिनांक 19.02.2026

**-: निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगंजमण्डी को निम्नांकित सामग्री एवं किराये पर कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दरों (रेट-कॉन्ट्रेक्ट) हेतु सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदायें संबंधित निम्न कार्य/सामग्री के सामने अंकित दिनांक को 1:00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र/धरोहर राशि नगद/डी.डी द्वारा जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जाकर 2:00 बजे (पी.एम.) तक प्रस्तुत की जा सकेगी। इसके पश्चात उसी दिवस दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी। अन्य जानकारी/शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। सशर्त निविदा मान्य नही होंगी। उक्त निविदा सूचना वेबसाइड www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB- DLB2526B1895 UBN- DLB2526WSRC35101

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रामगंजमण्डी

राज.संवाद/सी/25/21078



**कार्यालय नगर पालिका मॉगरोल जिला बांरा (राज0)**

क्रमाकः-न.पा.मॉ./स्टोर/2026/4534 दिनांकः- 18.02.2026

**Corrigendum**

नगर पालिका मांगरोल द्वारा ई-निविदा सूचना कमांक 4280-4284 दिनांक 09.02.2026 से जारी की गई थी। जिसके NIB Code. DLB2526B1416 हैं। उक्त निविदा में शर्त कमांक 5 में आंशिक संशोधन किया जाता है :- Earnest Money, Cost of Tender Document and E-Tendering Online Fees का भुगतान ऊपर वर्णित विवरण अनुसार ऑनलाईन किया जाना अनिवार्य है, जिसकी यूटीआर नं. की रसीद तकनीकी बिड़ डॉक्यूमेंट के साथ अपलोड़ की जानी आवश्यक है। अपलोड़ नहीं किये जाने की स्थिति में बिड़ को निरस्त माना जावेगा। जिसके स्थान पर संवेदक द्वारा Earnest Money, Cost of Tender Document and E-Tendering Online Fees का भुगतान नगर पालिका में डी.डी. के माध्यम से जमा करवाना होगा।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मांगरोल

राज.संवाद/सी/25/21037



**कार्यालय नगर पालिका, बालेसर सत्ता (जोधपुर) राज.**

Municipal Board, Balesar Satta (Jodhpur) Rajasthan e-mail:- eombbalesar2022@gmail.com

क्रमांकः-नपाबास./विकास/निविदा/2025-26/1527 दिनांकः-18.02.2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

(एनआईबी नं. - DLB2526B1820)

नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्युरमेंन्ट प्रक्रिया ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नगरपालिका बालेसर सत्ता क्षेत्र में विभिन्न 09 विकास कार्यो हेतु अनुमानित लागत (रू 93.93 लाख) की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.nic.in व www.eproc.rajashtan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

राज.संवाद/सी/25/21059 अधिशाषी अधिकारी


## पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) ने चंबल स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को हराया

जयपुर, 24 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में पी एंड टी क्रिकेट क्लब ने चंबल स्पोर्ट्स को 66 रनों से हराया। चंबल स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले पी एंड टी क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पी एंड टी क्रिकेट क्लब के लिए आदर्श शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 135 रन (125 गेंद, 15 चौके व 5 छक्के), रजत छपरवाल 39 रन, विनीत सक्सेना 40 रन, अजीम अख्तर 34 रन, भेराराम 36 रन व प्रदीप जाखड़ के 23 रनो से 50 ओवर में 7 विकेट पर 359 रनो का स्कोर बनाया। चंबल स्पोर्ट्स के लिए दिव्यांश शर्मा ने 55 पर 4, यश त्रिपाठी ने 21 पर 2 व कार्तिक बदलानी ने 43 पर एक विकेट लिया।



जवाबी पारी में चंबल स्पोर्ट्स की टीम अभिजय भंडारी के 51 रन, अमन सिंह शेखावत के 26 रन, तोषित भाटिया के 81 रन व दिव्यांश शर्मा के नाबाद 62 रनो से 50 ओवर में 7 विकेट पर 293 रन ही बना सकी।

पी एंड टी क्रिकेट क्लब के लिए प्रदीप जाखड़ ने 63 पर 3, भेराराम, नरेश गहलोत, रवि शर्मा व प्रदीप जाखड़ ने एक - एक विकेट लिया।

## अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट चैंपियनशिप'' 8 से 16 मार्च तक वेस्ट बंगाल में

जयपुर, 24 फरवरी। चैंपियनशिप में आज ''उत्तर -पश्चिम रेलवे क्रिकेट टीम'' की घोषणा हो गई है।

टीम इस प्रकार है - अंशुल गढ़वाल, लखन भारती, धर्मवीर सैनी, मोंटी जायसवाल, प्रदुमन पारीक, सचिन काकोदिया, जुबेर अली ,गौरव मीणा, यतेंद्र पवार, गौरव खत्री, मधुर खत्री, मोहम्मद अहमद, अफ़रोज खान ,सूर्य प्रकाश सुवालका ,ज़हीर ताज, चंद्र प्रकाश जाट ,मोहित जंगम का चयन टीम में किया गया है।

कोच :-जाकिर हुसैन, विजेंद्र यादव को बनाया गया है।

सहायक कोच- सिद्धार्थ जोशी, फील्डिंग कोच- शब्बीर हुसैन और मैनेजर-संजय गौड़ को बनाया गया है ।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सुमेरपुर, जिला - पाली**

क्रमांक : न.पा.सु/विकास/ई-निविदा/2025-26/9553 दिनांक 19.02.2026

**-: ई-निविदा 17/2025-26 सूचना :-**

नगरपालिका मण्डल, सुमेरपुर की ओर से मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा द्वारा 08 विकास कार्यो की कुल लागत 98.31 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ई-निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते कार्यालय में एवं विभाग की वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व पढी जा सकती है।

जिनके UBN No. निम्नलिखित है:-

1-DLB2526WSOB35211
2-DLB2526WSOB35212
3-DLB2526WSOB35213
4-DLB2526WSOB35214
5-DLB2526WSOB35215
6-DLB2526WSOB35216
7-DLB2526WSOB35217
8-DLB2526WSOB35218

| Bid Selling Last Date | 06-03-2026 /10.00 AM |
| --- | --- |

राज.संवाद/सी/25/21055 अधिशाषी अधिकारी



**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर**

प्रशासनिक खण्ड नागौर रोड, करवड़, जोधपुर (पिन नं. 342037)

क्रमांक :- रा.आ.वि./जोध/लेखा/निविदा/2025-26/751 दिनांक :- 18/02/2026

**Notice Inviting Bid**

Tenders are invited from interested bidders for Dr. S.R. Rajasthan Ayurved University, Karwad, Jodhpur. Whose details are as followings:-

1.UBN No. AUJ2526WSOB00061 Tender for E-Procurement for Additional and alteration work at Bal Panchakarma Unit at DSRRAU

All particulars of the bid may be visited on the portal https://sppp.rajasthan.gov.in/ and https://eproc.rajasthan.gov.in.

राज.संवाद/सी/25/21072 कुलसचिव



**RAJASTHAN GRAMEEN AAJIVIKA VIKAS PARISHAD**

(3rd Floor, B-Block Udhyog Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302005) Contact no. 2227416, 5188112

File No. F.36(38)RD/RGAVP/Non Farm/Budget Announcement/15167-69 date:- 17.02.2026

**Corrigendum**

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-बिड सूचना संख्या F.36(38)RD/RGAVP/Non Farm/ Budget Announcement/ Rajkaj Ref 20429075 दिनांक 10.02.2026 में अंकित कार्य का नाम "Selection of agency to provide services of the Branding, Packaging, Design, Marketing, E-Commerce Development, Logistics Services, etc" के स्थान पर "Selection of agency for providing Integrated Solution for Branding, Packaging - Design,Promotion & Communication Plan for Diverse Product-Categories under the RAJSAKHI Umbrella-brand" पढा जावे।

Project Director (Admin) RGAVP

Raj.Samwad/C/25/21025



**कार्यालय जिला परिषद सवाई माधोपुर**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

**ई-निविदा सूचना 17/2025-26**

जिला परिषद् सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत शेषा में प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन ईकाई (PWMU) की स्थापना/निर्माण कार्य ग्राम भारजा गद्दी, खसरा नं. 82 रू. 29.00 लाख हेतु "डी" श्रेणी या इससे उच्चतर श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों/फर्मो से http://eproc.rajasthan.gov.in पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक 04.03.2026 को 10.00 ए.एम. बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते http://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख सकते है। UBN: ZSM2526WSOB00961

राज.संवाद/सी/25/21097 मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सवाई माधोपुर


## गढवाल डायमंड क्लब दिल्ली ने एक्वा क्लब रांची झारखंड एवं दीपक फुटबॉल क्लब करनाल ने डीएफए दौसा को हराया

दौसा, 24 फरवरी। स्थानीय जय श्री भवानी स्पोटर्स क्लब मैदान में एक जिला-एक खेल के तहत आयोजित ऑल इण्डिया फुलबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले में पहले मैच में गढ वाल डायमंड क्लब दिल्ली ने एक्वा क्लब रांची झारखंड एवं दूसरे मैच में दीपक फुटबॉल क्लब करनाल ने डीएफए दौसा को पराजीत किया। दूसरा मैच एक तरफा रहा, डीएफए दौसा को पांच गोल से पराजीत किया।

स्थानीय जय श्रीभवानी स्पोटर्स क्लब दौसा के खेल मैदान में आयोजित ऑल इण्डिया फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच गढ़ वाल डायमंड क्लब दिल्ली एवं एक्वा क्लब रांची झारखंड के मध्य खेला गया। मैच अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रहा। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें गोल करने में



असफल रहीं। 81वें मिनट में गढ़ वाल डायमंड क्लब के जर्सी नंबर 6 यश राज ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़ त दिलाई। इसके पश्चात 86 वें मिनट में जर्सी नंबर 18 पारस ने एक और गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया और टीम की जीत सुनिश्चित की। इस प्रकार गढ़ वाल डायमंड क्लब ने 2-0 से विजय प्राप्त की। मीडिया प्रभारी देवेश वशिष्ठ ने बताया कि एक्वा क्लब रांची झारखंड के जर्सी नंबर 3 रोहन को पराजय के बावजूद उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वही दूसरा मैच दीपक फुटबॉल क्लब करनाल एवं डीएफए दौसा के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकीं, मध्यांतर के बाद मैच एक तरफा हो गया। मध्यांतर के बाद दीपक फुटबॉल क्लब करनाल के जर्सी नंबर 29 अम्मा मनयून ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़ त दिलाई। 64वें मिनट में डीएफए दौसा के जर्सी नंबर 12 नवीन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर किया। 66वें मिनट में दीपक क्लब के जर्सी नंबर 11 सिल्वा ने गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। 87वें मिनट में जर्सी नंबर 5 डेंग ने गोल कर स्कोर 3-1 किया। 89वें मिनट में जर्सी नंबर 80 जोश्या ने एक और गोल कर बढ़ त 4-1 कर दी। अंततः 90वें मिनट में जर्सी नंबर 5 डेंग ने अपना दूसरा गोल दागते हुए टीम को 5-1 से शानदार विजय दिलाई। मीडिया प्रभारी देवेश वशिष्ठ ने बताया कि दीपक फुटबॉल क्लब करनाल के जर्सी नंबर 5 डेंग को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, BHIM DIS-RAJSAMAND**

Tel. No. 02951-294426 E-mail Id-EOBHIM@GMAIL.COM

S.No. F ( )/MBB/Engg./E-NIB/07/2025/1539 Date :- 18-02-2026

**Notice Inviting BID**

**NIB No 07/2025-26**

नगर पालिका भीम द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2526B1869

UBN No- DLB2526WSOB35021

महत्वपूर्ण तिथियां

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
| --- | --- |
| कुल निविदा के कार्य | 01 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 27.54 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.02.2026 02:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 19.02.2026 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 04.03.2026 06:00 PM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 05.03.2026 3:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भीम

राज.संवाद/सी/25/21083

# मुख्यमंत्री ने अजमेर में मोदी की जनसभा की तैयारियाँ देखीं

## उन्होंने पुष्कर के मंदिर में पूजा-अर्जना की व धीरेन्द्र शास्त्री की कथा सुनी

अजमेर, 24 फरवरी। आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को अजमेर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस मौके पर राजस्थान को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास की सौगातें देंगे। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन को लाँच भी किया जाएगा। साथ ही, बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री 28 फरवरी को जनसभा में राज्य के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। वे इस अवसर पर एच पी वी वैक्सीन भी लाँच करेंगे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अजमेर में आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया और कायड विश्राम स्थली सभा स्थल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।*

मुख्यमंत्री ने कायड विश्राम स्थली पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी तथा जनप्रतिनिधि सुरेश सिंह रावत की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगतपिता ब्रह्मा मंदिर विश्व भर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यह स्थल आस्था का केन्द्र होने के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक गौरव गाथा का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में शामिल हुए तथा बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया तथा कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया।

# मेरठ के घर में आग लगी, 6 की मौत

मेरठ, 24 फरवरी। उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित किदवई नगर इलाके में सोमवार देर रात एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच बच्चों सहित, छह लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को सभी का मुस्लिम रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राथमिक जांच में शार्टसर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

■ संकरी गलियां होने के कारण दमकल घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाई, छत के रास्ते आग बुझाई।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कपड़ा व्यापारी इकबाल अहमद का तीन मंजिल का मकान किदवईनगर के इस्लामाबाद की गली नंबर तीन में स्थित है। इसमें उनके दो बेटे आसिम और फारूक सयुंक्त परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात को इकबाल अपने बेटों के साथ तरावीह की नमाज पढ़ ने के लिए मस्जिद गये थे। इस दौरान घर में अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते, तब तक पूरा मकान आग की चपेट में आ गया।

घटना की जानकारी पड़ोसियों ने इकबाल और फायर बिग्रेड को दी। पुलिस दमकल कर्मियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन सँकरी गलियां होने से गाड़ियों को आगे नहीं ले जाया जा सका। पुलिस ने पड़ोसियों की छत के रास्ते से आग को बुझाया और झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

# प्रधानमंत्री मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर इज़राइल पहुंचे

## प्र.मंत्री मोदी इज़राइल के प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न मसलों पर द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

नई दिल्ली, 24 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इज़राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाज़ी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है।

■ गत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री की यह इज़राइल की दूसरी यात्रा है, जिसे रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसके बाद प्रधानमंत्री इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।

भारत और इज़रायल आई2यू2 समूह (भारत, इज़रायल, यूएई और अमेरिका) के सदस्य हैं, जो खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और अवसंरचना के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने का मंच है।

# मैकडॉनल्ड्स के एमडी, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिवाद में कहा कि गत 9 फरवरी को खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की टीम ने मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को वहां पर दूषित खाद्य तेल में फ्रेंच फ्राइज व नॉनवेज खाद्य सामग्री बनते हुए मिली। जिस खाद्य तेल का उपयोग किया जा रहा था, उसका टीपीसी स्तर 28 व 31 पाया गया, जबकि वैधानिक टीपीसी सीमा 25 तय है। विशेषज्ञों के अनुसार, 25 से ज्यादा टीपीसी वाला तेल विषाक्त होता है। यह तेल कैंसर व हार्ट की बीमारी के लिए भी प्रमुख कारण बनता है। इसके बावजूद मैकडॉनल्ड्स अपने भ्रामक प्रचार-प्रसार के जरिए अपने प्रॉडक्ट को बेच रहा है। ऐसे में इसकी खाद्य वस्तुओं पर बेचने पर रोक लगाई जाए और इसे पाबंद किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। परिवाद में गुहार की गई है कि प्रकरण में हुए मानसिक संताप को लेकर परिवादी को पचास लाख रुपए दिलाए जाएं। परिवाद पर सुनवाई करते हुए आयोग ने मैकडॉनल्ड्स के एमडी व ब्रांड एम्बेसडर रणवीर सिंह व कार्तिक आर्यन सहित, अन्य से जवाब मांगा है।

# भाजपा का बंगाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संबोधित किया था। टीएमसी सदस्यो द्वारा सुधार किए जाने के बाद, मोदी ने अपने भाषण के शेष भाग में इस लेखक-देशभक्त को "बंकिम बाबू" कहा, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने एक और गलती की थी, जब उन्होंने मातंगिनी हाजरा को असम की स्वतंत्रता सेनानी बताया था, जबकि वे पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर जिले से थीं।

अब प्रधानमंत्री और भाजपा नेता स्पष्ट रूप से बंगाल की सामाजिक-सांस्कृतिक भावना से अधिक निकटता स्थापित करने के प्रयास में अपनी भूलों की भरपाई करने की कोशिश कर रहे हैं। बंगाल के मतदाताओं को संबोधित एक पत्र में प्रधानमंत्री ने "जॉय माँ काली" का आ ान करने के साथ-साथ बंगाल की महान विभूतियों, जैसे सुभाष चन्द्र बोस तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है। तृणमूल कांग्रेस को बंगाल के विकास की कमी के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने "मेरे सोनार बांग्ला" को विकसित और रूपांतरित करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री ने लिखा, "मेरे सोनार बांग्ला के पुरुष, महिलाएं और बच्चे अत्यधिक वंचित होने का सामना कर रहे हैं। उनका दर्द मेरे हृदय पर भारी पड़ता है। मैं बंगाल को एक समृद्ध राज्य बनाने का संकल्प लेता हूं।" पत्र का बंगाली संस्करण घर-घर वितरित किया जा रहा है, जबकि हिंदी संस्करण ऑनलाइन साझा किया गया है।

रणनीति में यह बदलाव अन्य भाजपा नेताओं के भाषणों में भी दिखाई दिया है। रविवार को कोलकाता में भाजपा महिला मोर्चा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से दुर्गा की शक्ति का आ ान करने का आग्रह किया। बंगाल और पूर्वी भारत के अन्य हिस्सों में, दुर्गा और काली की उपासना धार्मिक आस्था का मुख्य आधार मानी जाती है।

# अंडमान में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

नई दिल्ली, 24 फरवरी। झारखंड विमान हादसे के बाद अब अंडमान के समुद्र में हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। इस हेलीकॉप्टर में 7 लोग सवार थे। अंडमान और निकोबार आइलैंड्स में मायाबंदर के पास एक पवन हंस हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में शॉर्ट क्लाइंबिंग हुई। ये हादसा आज मंगलवार, 24 फरवरी की सुबह करीब 9 बजकर 30 मिनट पर हुआ। पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया, हेलीकॉप्टर ने पोर्ट ब्लेयर से दो क्रू मेंबर और पांच पैसेंजर के साथ उड़ान भरी थी। इस हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों को बचा लिया गया है और वे सभी सुरक्षित हैं। किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

■ पांच यात्री व दो चालक दल सुरक्षित बचे।

# भोपाल में धर्मान्तरण गैंग का पर्दाफाश

## गैंग की सरगना दो बहनें हैं, उनपर महिलाओं के शारीरिक शोषण का भी आरोप है

भोपाल, 24 फरवरी। भोपाल में धर्म परिवर्तन और शोषण से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। आरोप है कि अमरीन और आफरीन नाम की दो बहनों ने मिलकर एक संगठित गैंग खड़ा कर रखा था, जो गरीब परिवारों की लड़कियों को नौकरी और मदद का लालच देकर अपने जाल में फंसाती थीं। इसके बाद उन्हें ब्लैकमेल कर मानसिक, शारीरिक शोषण किया जाता था फिर जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता था।

■ पुलिस ने दो पीड़िताओं की शिकायत पर अमरीन व आफरीन नामक दो बहनों को गिरफ्तार किया जो नौकरी व आर्थिक मदद देने का लालच देकर गरीब महिलाओं को फंसाती थीं।

बाग सेवनिया थाना पुलिस ने दो पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का गंभीर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अमरीन खान उर्फ माहिरा, आफरीन और चंदन यादव सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी अनुसार, पीड़िता के पति का निधन हो चुका है और उसके दो बच्चे हैं। वह कैटरिंग सर्विस में वीआईपी वेटर का काम करती थी। पीड़िता ने बताया कि 2023 में एक मॉल में उसकी मुलाकात अमरीन उर्फ माहिरा से हुई। अमरीन ने 10 हजार रुपए महीने पर बच्ची को संभालने का काम दिलाने का झांसा देकर उसे अशोका गार्डन स्थित घर पर रख लिया। बाद में उसे सागर रॉयल विला वाले मकान बुलाया जाने लगा। यहां अमरीन बॉयफ्रेंड चंदन के साथ रहती थी।

साथ ही दिसंबर 2024 में नारायण नगर स्थित चंदन की बहन के घर ले जाकर चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया गया। जब महिला ने विरोध किया तो बदनामी की धमकी दी गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। उस पर नमाज पढ़ ने और बुर्का पहनने के लिए दबाव डाला जाता था। सहायक पुलिस आयुक्त गौतम सोलंकी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत की जांच की जा रही है।

# मुंबई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यकाल में तनावपूर्ण हो गए थे। पाकिस्तान में जन्मे व्यवसायी राणा इस समय भारत में हिरासत में हैं, जहां वे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा द्वारा अंजाम दिए गए मुंबई आतंकी हमलों से जुड़े आरोपों में ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2008 में हुए इस हमले में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। कैनडा के प्रकाशन ग्लोबल न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज़ एंड सिटीज़नशिप कैनडा (आईआरसीसी) ने राणा को सूचित किया है कि वर्ष 2001 में प्राप्त उनकी कैनडा की नागरिकता को रद्द करने का इरादा है। राणा 1997 में कैनडा में बस गए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कैनडा सरकार का यह कदम उनके खिलाफ आतंकवाद के आरोपों पर आधारित नहीं है। अपने नोटिस में आईआरसीसी ने कहा है कि राणा को नागरिकता गलत जानकारी के आधार पर प्रदान की गई थी। विभाग का आरोप है कि वर्ष 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन करते समय उन्होंने कैनडा में अपने निवास से संबंधित गलत जानकारी दी थी।

# लेह जा रहे विमान की दिल्ली में आपात लैंडिंग

नई दिल्ली, 24 फरवरी। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह लेह के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा।

विमान के इंजन में आई खराबी के बाद पायलट ने एहतियात बरतते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली में लैंड कराया। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे।

स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-121 ने मंगलवार सुबह दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान के इंजन में कुछ तकनीकी समस्या महसूस की गई।

# जयललिता की सहयोगी रहीं शशिकला ने नई पार्टी बनाई

## जयललिता की जयंती पर आयोजित सभा में शशिकला ने घोषणा की

चेन्नई, 24 फरवरी। दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की करीबी सहयोगी शशिकला ने तमिलनाडु में एक नई राजनीतिक पार्टी के शुभारंभ की घोषणा की है। तमिलनाडु के रामनाथपुरम में अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) से निष्कासित नेता शशिकला ने नवस्थापित होने वाली पार्टी के झंडे का अनावरण किया।

निष्कासित अन्नाद्रमुक नेता शशिकला की लॉन्च होने वाली पार्टी के झंडे में अन्नादुराई, एमजीआर और जयललिता की तस्वीरें हैं।

■ शशिकला ने कहा, उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

■ ज्ञातव्य है कि शशिकला अन्नाद्रमुक से निष्कासित हो चुकी हैं।

तमिलनाडु के रामनाथपुरम में वीके शशिकला ने कहा कि जल्द ही नई पार्टी के नाम की घोषणा की जाएगी, तथा इसके साथ एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत होने जा रही है।

रामानाथपुरम में एक रैली में शशिकला ने कहा कि जल्द ही नामित होने वाली पार्टी एक ऐसी ताकत के रूप में काम करेगी, जो विरोधियों, विश्वासघातियों को परास्त करेगी। शशिकला के नई पार्टी के साथ मैदान में उतरने से आगामी विधानसभा चुनावों में चतुष्कोणीय सियासी मुकाबला हो सकता है।

इसमें एक तरफ द्रमुक के नेतृत्व वाला धर्मनिरपेक्ष यूपीए और दूसरी तरफ अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला एनडीए होगा। अभिनेता विजय की टीवीके पार्टी लगभग दो महीने बाद होने वाले चुनावों में पहली बार चुनावी मैदान में उतर रही है और यह तीसरा कोण है।

# वीएसआर वैंचर्स के चार विमानों की उड़ान पर रोक लगी

नई दिल्ली, 24 फरवरी। बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के बाद जांच में कई नियमों की अनदेखी मिलने पर डीजीसीए ने मंगलवार को वीएसआर वेंचर्स के चार विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी। इसी कंपनी का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

■ इसी कंपनी के विमान की दुर्घटना में अजित पवार की मौत हुई थी।

28 जनवरी को लियरजेट 45 (वीटी-एसएसके) विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने वीएसआर वेंचर्स का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराने का आदेश दिया था।

नियामक ने बयान में कहा कि रखरखाव प्रक्रियाओं में खामियां देखते हुए लियरजेट 40/45 श्रेणी के चार विमान (वीटी-वीआरए, वीटी-वीआरएस, वीटी-वीआरवी और वीटी-टीआरआई) को तब तक ग्राउंड (उड़ान से रोका जाना) किया गया है, जब तक उनकी निरंतर उड़ान योग्यता के मानक बहाल नहीं हो जाते।

# केरल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की सिफारिश प्राप्त की जाएगी, ताकि "केरल" का नाम बदलकर "केरलम्" किया जा सके। केरल में मई से पहले 140 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा के चुनाव होने की संभावना है। अभी तक भारतीय चुनाव आयोग द्वारा कोई आधिकारिक तिथि घोषित नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, जिन्होंने 2024 में यह प्रस्ताव पेश किया था, चाहते थे कि केन्द्र सरकार संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में दक्षिणी राज्य का नाम "केरल" से बदलकर "केरलम्" करे।

# 'एसआईआर जल्दी कराने के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए और स्पष्टीकरण जरूरी हैं।"

अदालत ने यह भी कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जरूरत पड़ने पर उड़ीसा हाई कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से भी संपर्क कर सकते हैं, ताकि इन दो पड़ोसी राज्यों से ज्यूडिशियल ऑफिसर्स की मदद ली जा सके

अदालत ने आदेश दिया, "यदि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लगे कि और मानव संसाधन की जरूरत है, तो वे पड़ोसी राज्यों, उड़ीसा और झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से वहां के सेवारत और सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को समान पद पर तैनात करने के लिए कह सकते हैं। ऐसे अधिकारियों का यात्रा, रहने और खाने का खर्च ईसीआई उठाएगा।"

इस बीच, पीठ ने उन दस्तावेजों को लेकर भी स्पष्टीकरण दिया, जिन्हें दावों की प्रोसेसिंग के दौरान स्वीकार किया जा सकता हैं।

अदालत ने आदेश दिया, सितंबर 2025 में इस अदालत के उस आदेश को, जिसमें आधार को पहचान प्रमाण के रूप में स्वीकार किया गया था और साथ ही, माध्यमिक एडमिट कार्ड और पासवर्ड सर्टिफिकेट से संबंधित रिट याचिका पर दिए गए इस अदालत के आदेश को भी मान्य किया जाएगा। हम स्पष्ट करते हैं कि ऐसे सभी दस्तावेज, चाहे वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपडेट किए गए हों या 14 फरवरी 2026 से पहले भौतिक रूप से जमा किए गए हों, उन्हें स्वीकार किया जाएगा।"

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि ईसीआई 28 फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित कर सकता है और उसके बाद पूरक सूची लगातार जारी की जा सकती है।

पीठ ने कहा, "हम अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए यह घोषित करना उचित समझते हैं कि पूरक सूची में शामिल मतदाताओं को 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा।"

9 फरवरी को अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया था कि वह यह सुनिश्चित करे कि उसने ईसीआई को जो अधिकारी दिए हैं, वे ड्यूटी पर रिपोर्ट करें।

हालांकि, बाद में ईसीआई ने आरोप लगाया कि उसे योग्य अधिकारी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसके बाद न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का आदेश दिया गया।

पिछले सप्ताह अदालत ने साफ कर दिया था कि न्यायिक अधिकारियों या पूर्व न्यायिक अधिकारियों द्वारा दिए गए हर आदेश को अदालत का आदेश माना जाएगा और राज्य के अधिकारी उसे तुरंत लागू करने के लिए बाध्य होंगे, ताकि एसआईआर प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

पिछले वर्ष ईसीआई ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर कराया था। एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नैशनल फैडरेशन फॉर इंडियन वीमैन (एनएफआईडब्ल्यू) सहित, कई इकाइयों द्वारा दायर याचिकाओं में इस प्रक्रिया की वैधता को चुनौती दी गई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई, इसलिए ईसीआई ने एसआईआर जारी रखा।

इसके बाद ईसीआई ने पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु सहित, अन्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भी एसआईआर शुरू किया। इसे लेकर कई याचिकाएं दायर हुईं। अदालत ने 29 जनवरी को इन पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाद में अदालत में याचिका दायर कर राज्य में एसआईआर कराने के ईसीआई के फैसले को चुनौती दी। उन्होंने मांग की कि चुनाव पिछले वर्ष तैयार की गई मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर कराए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से "लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी" (तर्कसंगत विसंगतियां) श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम हटाने पर तुरंत रोक लगाने की भी मांग की।

4 फरवरी को बनर्जी खुद अदालत में पेश हुईं और एसआईआर से जुड़े कई मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ईसीआई ने इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य को निशाना बनाया है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई

लखनऊ, 24 फरवरी। यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अब अपनी अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

■ पुलिस, यौन उत्पीड़न के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच कर रही है।

शंकराचार्य ने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। जल्द ही इस पर सुनवाई हो सकती है। दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

# रूस की "इकॉनमी" ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अर्थव्यवस्था अब दो हिस्सों में बंट गई है। एक हिस्सा सेना और उससे जुड़े उद्योगों का है, जिन्हें जरूरी संसाधन सबसे पहले दिए जाते हैं। आज के रूस में श्रम सबसे दुर्लभ संसाधन है, और इसका सबसे बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र को मिल रहा है। ये उद्योग नए लोगों को भर्ती कर रहे हैं और पूंजी के निवेश के साथ तेजी से बढ़ रहे हैं।

दूसरी ओर, बाकी अर्थव्यवस्था को आवश्यक संसाधन और सेवाएं बहुत कम मिल रही हैं। छोटे व्यवसाय संघर्ष कर रहे हैं और उपभोक्ता उद्योग किसी तरह अपनी स्थिति बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। पूरी आर्थिक ताकत को निचोड़कर सेना क्षेत्र को ऊर्जा और संसाधन दिए जा रहे हैं।

निर्यात से होने वाली आय घट रही है, क्योंकि रूसी तेल भारी छूट पर बेचा जा रहा है। उसका सबसे बड़ा बाजार चीन भी धीरे-धीरे मंदी की ओर बढ़ रहा है और वहां तेल की मांग कम हो रही है। तेल निर्यात पर ज्यादा निर्भर अर्थव्यवस्था होने के कारण रूस का बजट घाटा बढ़ रहा है। फिलहाल यह घाटा जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत के करीब है। टैक्स बढ़ाकर ज्यादा आय जुटाने की गुंजाइश भी सीमित है, क्योंकि टैक्स देने वालों की क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है।

ऐसी स्थिति में सरकार के बजट पर ब्याज का बोझ भी बढ़ रहा है। इससे इकॉनमी की मिलिट्री सैक्टर को और आगे बढ़ाने की क्षमता कम हो रही है तथा बाकी इकॉनमी भी कमज़ोर हो रही है।

रूसी अर्थव्यवस्था जितने लंबे समय तक इस "डैथ ज़ोन" में रहेगी, उसके लिए बिना नुकसान के बाहर निकलना उतना ही मुश्किल होता जाएगा। सामान्य समझ वाला कोई भी निर्णय लेने वाला व्यक्ति ऐसी स्थिति से जल्दी बाहर निकलने की कोशिश करेगा। लेकिन रूस का वर्तमान नेतृत्व, जिसकी अगुवाई व्लादिमिर पुतिन कर रहे हैं, इसके उलट दिशा में जा रहा है।

रूस विशेषज्ञ ने इस व्यवहार की अपनी व्याख्या दी है। उनका मानना है कि पुतिन सिर्फ अपनी स्थिति पर नजर नहीं रख रहे, बल्कि अपने प्रतिद्वंद्वियों, पश्चिमी यूरोप, यूक्रेन और अमेरिका की स्थिति भी देख रहे हैं।

यूक्रेन युद्ध अब रूस और पश्चिमी देशों के बीच धैर्य की परीक्षा बन गया है। इसमें सबसे अहम भूमिका अमेरिका की होगी कि वह बिना झुके कितनी दूर तक साथ दे सकता है। अगर अमेरिका अडिग रहता है, तो रूस के लिए स्थिति गंभीर हो सकती है। इसी कारण वोलोदिमिर ज़ैलैंस्की लगातार अमेरिका से साथ न छोड़ने की अपील कर रहे हैं।

समस्या यह है कि अमेरिका की घरेलू अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और वहां के राष्ट्रपति जिन झगड़ों में पड़ रहे हैं, उन्हें देखते हुए यू.एस. की पॉलिसी में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है। इस स्थिति का फायदा उठाकर पुतिन और ज्यादा आक्रामक रुख अपना सकते हैं। बदलते हालात में यही सबसे बड़ा खतरा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908